# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 14 सितंबर 2025




## खबर संक्षेप

### बाढ़ पीड़ितों के लिए दी सहायता

**डोंगरगढ़।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा शुरू किए गए बस्तर बाढ़ पीड़ित



सहायता कोष में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने अपना सहयोग दिया है। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए सहायता राशि प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारा कर्तव्य है कि आपदा कीघड़ी में बस्तर के भाई-बहनों के साथ खड़े हों। उन्होंने सभी से आगे आकर सहयोग करने की अपील की है।

### रेलवे हॉस्पिटल को मिली एंबुलेंस की सौगात

**डोंगरगढ़।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस की बहुत पुरानी मांग को रेल प्रशासन ने पूरा कर दिया और रेलवे हॉस्पिटल डोंगरगढ़ को एंबुलेंस



प्राप्त हुई। शाखा सचिव अनिल पोद्दार ने बताया कि लगभग 7-8 सालों से रेलवे हॉस्पिटल में एंबुलेंस की व्यवस्था की मांग की जा रही थी।एंबुलेंस के अभाव में रेल कर्मचारियों को आवश्यकता होने पर भटकना पड़ता था। रेल प्रशासन ने इस मांग को पूरा करते हुए एक एंबुलेंस मुहैया कराया है। श्री पोद्दार ने बताया कि यह एंबुलेंस रेल कर्मचारी के लिए फ्री रहेगी। मजदूर कांग्रेस के पूर्व संयोजक पीतांबर, लक्ष्मी नारायण, इंदल दमाहे, कालूराम मीणा एवं अन्य पदाधिकारियों के प्रयास से एंबुलेंस मिली है। शाखा ने सभी का आभार व्यक्त किया है।

### गलती सुधारने जीएसटी दर किया कम

**डोंगरगढ़।** ग्रामीण ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने कहा है कि जनता के आक्रोश को देखते हुए केन्द्र सरकार ने जीएसटी में बदलाव करना तय



किया है। उन्होंने बिना सोचे समझे लागू कर दिया गया था जिससे लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ा था। जनता के बढ़ते हुए आक्रोश को कम करने के लिए केन्द्र सरकार ने पूर्व में हुई गलती को सुधारने का प्रयास किया है। प्रचार माध्यमों में दाम होने का दावा किया जा रहा है किन्तु सोना, चांदी, पेट्रोल डीजल, खाद आदि के दाम में कोई बदलाव नहीं आया है। युरिया जो पहले 300 रूपए में मिलती है वह 1000 में बिक रही है। अगस्त में बिजली उपभोक्ताओं को 1000 से 2000 का बिल थमा दिया गया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल, खाद की दर में कम होना चाहिए तथा बिजली बिल भी पहले की तरह हाफ मिलना चाहिए।

### सेवा पखवाड़ा पर कार्यशाला आयोजित

**डोंगरगढ़।** स्थानीय श्याम रिसार्ट में सेवा पखवाड़ा के संबंध में कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को किया गया। मुख्य वक्ता जिला भाजपा के पूर्व महामंत्री दिनेश गांधी, उपाध्यक्ष मूलचंद लोधी ने कार्यकर्ताओं को



मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष रामजी भारती, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर एवं शशिकांत द्विवेदी ने सेवा पखवाड़ा के संबंध में विस्तार से अपनी बात रखी। सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से आगामी 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस मौके पर सुरेंद्र सिंह बन्नोआना, जसमीत सिंह बन्नोआना, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, अमित जैन, प्रीतपाल सिंह भाटिया, विनीत यादव, विनय बंसल, भागवत नामदेव, कैलाश सोनवानी, अलका सहारे, अजय शर्मा, मधुसूदन अग्रवाल, अनीता इंदुरकर, अचला ठाकुर, देवेंद्र साखरे, शारदा यादव, रामकुमार डड़सेना, ओम कोठारी, राजेश रार्घोते, प्रमोद, नागेन्द्र परिहार, सुरेश शर्मा, हिमांशु सेन, सरफराज नवाज, सत्यप्रकाश मिश्रा, शिवांगी साखरे, ओमप्रकाश साखरे, रुपेश इंदुरकर, ललित शर्मा, विकास सहारे, गिरीश साहू, मोंटी भाटिया, आवेश निगम, सावन टेम्बुरकर, मयंक डोंगरे, नमिता चौबे, सुमित मिश्रा, हिमांशु सेन, डी एकेश राव, अक्षय यादव सहित अन्य शामिल हुए। संचालन विनीत यादव एवं आभार प्रदर्शन अमित जैन ने किया।

### अंग्रेजी परिषद का गठन



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग ने अंग्रेजी विद्यार्थी परिषद का गठन किया है। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य डॉ. रेवती, विभागाध्यक्ष गुलशन सिन्हा एवं अतिथि व्याख्याता डॉ. सपना परिहार का स्वागत किया गया। तत्पश्चात गुलशन सिन्हा ने परिषद के पदाधिकारियों की घोषणा की। नवनियुक्त पदाधिकारियो में अध्यक्ष भूमिका, उपाध्यक्ष राजेश्वरी यादव, सचिव योगेश्वरी साहू, सहसचिव प्राची, कोषाध्यक्ष धरम सिन्हा, सांस्कृतिक सचिव बबीता एवं मीडिया प्रभारी तनुजा को मनोनीत किया गया।

### युवा लेखिका का उपन्यास प्रकाशित

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय की छात्रा और लेखिका स्मृति कोटांगले



का पहला उपन्यास द फॉरबिडन क्राउन प्रकाशित हुआ है। यह उपन्यास रूही सिंघानिया और अथर्व सूर्यवंशी की प्रेमकथा पर आधारित है। यह उपन्यास प्यार, जुनून और मुक्ति के भावों को अविस्मरणीय सफर में बदल देता है। यही नहीं स्मृति कोटांगले ने आने वाले समय में दो और उपन्यासों की घोषणा की है।उसकी दीवानगी और सियासत-ए-ईशा जल्द ही पाठकों के सामने प्रस्तुत होंगे। स्मृति का कहना है कि उनका सपना अपनी पीढ़ी की सबसे होनहार युवा लेखिकाओं में शुमार होना है। स्मृति की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती सहित महाविद्यालय परिवार ने बधाई दी है।

### सरपंच ने जन्मदिन पर कराया न्योता भोज



**सड़क अतरिया।** प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला बुन्देली में शनिवार को सरपंच दिवाकर सोनी ने न्योता भोज का आयोजन किया गया। भोज में छात्रों को खीर, पुड़ी, गुलाब जामुन आदि खिलाया गया। इस मौके पर प्रधान पाठक भुनेश्वर किशोर वैष्णव एवं शिक्षक उपस्थित थे।







### रजत जयंती के मौके पर मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन

# डॉक्टरों ने टटोला नब्ज, शिविर में ढाई हजार का हुआ उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

राज्य स्थापना के गौरवशाली 25 साल पूरे होने पर स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार को मेगा स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डाक्टरों ने अपनी सेवा देते हुए पीड़ितों की जाँच और उपचार किया।

जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य शिविर का आयोजन राज्य शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग, जनपद पंचायत, महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से आयोजित शिविर में नेत्र, स्त्री, नाक, कान गला, मनोरोग सहित अन्य रोगों के विशेषज्ञ डाक्टरों ने ब्लाक भर से आए महिला पुरुषों की जाँच कर परामर्श दिया। लोगों को निःशुल्क दवा भी दी गई।



#### आयुर्वेद की ओर रुझान

शिविर में आयुष विभाग ने भी अपना स्टाल लगाया था। बड़ी संख्या में लोगों से प्राचीन आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रणाली पर भरोसा व्यक्त करते हुए चिकित्साको ने जाँच और उपचार कराया। जरूरत मंदो को आयुर्वेदिक दवा भी दी गई। शिविर में कालेज, बीटीआई सहित विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं ने उपस्थिति दर्ज कराया। बहुसंख्यक विद्यार्थी ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबिन की जाँच कराते नजर आए। वहीं अधिकांश बुजुर्ग आँख, कान की जाँच कराने पहुंचे थे। विभाग ने आँख की जाँच कर नंबर का निर्धारण करते हुए चश्मा प्रदान किया।

#### शिविर में उमड़े ग्रामीण

जानकारी के अनुसार मेगा स्वास्थ्य शिविर में लगभग ढाई हजार महिला पुरूष जांच और उपचार कराने पहुंचे। जानकारी के अनुसार शिविर में स्त्री रोग के 34, मानसिक रोग के 34, नेत्र रोग 184, चश्मा वितरण 66, नाक-कान- गला के 56, मेडिसीन 201, बीपी के 346, शुगर के 302, आयुष 122, जनरल 768 का उपचार किया गया। इस दौरान 213 का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। वहीं 18 ने ब्लड डोनेट किया।

#### सेवाभावियों ने संभाला मोर्चा

हालांकि पूरा आयोजन प्रशासन द्वारा किया गया था किन्तु नगर के सेवाभावियों ने सहयोग देने में कोई कसर नहीं रखा। सदर लाईन के जैन भवन में आयोजि मेगा स्वास्थ्य शिविर में हास्पिटल जीवन दीप समिति के सदस्य संदीप जैन, प्रफुल्ल जैन राजा, सेजेस जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अरूण जैन, सीए हिना मंगल जैन, सीए साक्षी जैन, श्वेता जैन, स्मृति जैन, स्वाती जैन, परी जैन, निकिता जैन, गूंजन जैन, अक्षय जैन, राहुल आदि ब्लाक भर से आए ग्रामीणों को पोहा, पानी मुहैया कराने के अलावा मरीजों को डाक्टरों तक पहुंचाने में सहयोग करते रहे। वहीं एनसीसी के कैडेट, एनएसएस के स्वयंसेवक, स्काऊट गाइड ने शिविर के साथ यातायात आदि व्यवस्था में अपना सराहनीय सहयोग दिया। इस दौरान जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, मंडल अध्यक्ष दीना पटेल, पूर्व अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, जनपद उपाध्यक्ष मनीष साहू, अंजू त्रिपाठी, कोमल साहू, लक्ष्मीनारायण सेन, पदमनी ठाकुर, जनपद सीईओ रौशनी भगत, बीएमओ डा रागिनी चन्द्रे, ओमप्रकाश जैन, रामदुलार साहू, विमल जैन सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन आदि मौजूद थे।

## इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

स्थानीय एक निजी क्लीनिक में इलाज के नाम पर मरीज के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड करने का मामला प्रकाश



में आया है। महिला मरीज इन दिनों नागपुर में कैंसर का इलाज करा रही है। उसे इन दिनों शारीरिक, मानसिक और आर्थिक तंगी से गुजरना पड रहा है।महिला के इलाज के चलते परिवार की माली हालत खराब हो चुकी है।

पीड़ित कीर्ति अरविंद डकहा ने बताया कि छाती में दर्द होने के बाद वह उपचार कराने श्रीराम कृपा हॉस्पिटल में भर्ती हुई थी। कई जांच के बाद स्तन में हल्की गठान होना बताते हुए ऑपरेशन किया गया था किन्तु तबियत ठीक होने के बजाए लगातार बिगड़ते गई। अच्छे इलाज का आश्वासन देकर हजारों रूपए लिया गया साथ ही आयुष्मान कार्ड की फार्मेलिटी भी पूरी करा लिया गया। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति बिगडने पर कीर्ति को राष्ट्र संत तुकोजी कैंसर रिसर्च सेंटर में भर्ती कराया। जहां ब्रेस्ट कैंसर होने का पता चला। बायेपेशी जांच के बाद उनके ब्रेस्ट का पुनः ऑपरेशन किया गया है। वर्तमान में कीमो किया जा रहा है।

#### खर्चा देने से इंकार

परिजनों बताया कि श्रीराम कृपा हॉस्पिटल की लापरवाही के कारण मरीज खतरनाक स्थिति में पहुंच गई है। उन्हे मंहगे इंजेक्शन लगवाना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इलाज में लापरवाही बरत कर कीर्ति के जीवन और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड किया गया। इलाज में गडबडी के बाद अस्पताल प्रबंधक ने अपनी लापरवाही मानते हुए इलाज का खर्च देने के हवाला दिया गया किन्तु अब खर्च देने से इंकार किया जा रहा है। पीड़ित महिला और उसके परिजनों ने मामले की शिकायत थाना में की है। उन्होंने अस्पताल संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### शिशु मंदिर में शिशुवाटिका पर कार्यशाला

**कल्लूबंजारी।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरिया में दो दिवसीय जिला स्तरीय शिशु वाटिका कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती, प्रणव अक्षर एवं भारत माता की चित्र के समक्ष दीप प्रज्जलन से हुआ।अतिथि परिचय प्रधानाचार्य लोकराम साहू ने प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि शिक्षिका प्रतिमा उके थी। अध्यक्षता सतवंत सिंह भाटिया ने की। विशिष्ट अतिथि दीपचंद जैन,रीमा देवांगन, पम्पा साहू थी। प्रतिवेदन वाचन रीमा देवांगन ने किया। दो दिवसीय कार्यशाला के अनुभव उमा सिन्हा ने साझा किया। मुख्य अतिथि श्रीमती उके ने कहा कि शिक्षक समाज में एक प्रतिष्ठित व्यक्ति होता है। उन्होंने शिशु मंदिर के 12 शैक्षणिक आयाम के बारे में भी बताया। अंत में आभार प्रदर्शन आचार्या पूजा साहू और संचालन युवराज साहू ने किया।

## देश में अलग पहचान बनी राज्य की



हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

- संगोष्ठी में भविष्य की संभावनाओं पर हुआ विचार

रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय में शुक्रवार को राज्य गठन के जयंती वर्ष पर उपलब्धियों का मूल्यांकन और भविष्य की कार्ययोजना : विकसित छत्तीसगढ़ 2047 विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष राजेश श्यामकर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस संगोष्ठी में वक्ता के रूप में समीक्षक डॉ. जयप्रकाश साव एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. लालचंद सिन्हा शामिल हुए।शुभारंभ और राजगीत के बाद प्राचार्य डॉ सत्यदेव त्रिपाठी ने संगोष्ठी के उद्देश्य , महत्व और प्रासंगिकता को रेखांकित किया। इस अवसर पर श्री सिन्हा ने आंकड़ों के माध्यम से संगोष्ठी के विषयवस्तु पर अपना प्रभावी उद्बोधन दिया। सहायक प्राध्यापक भारतेन्दू प्रसाद वर्मा ने कविता के माध्यम से विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण की चुनौतियों एवं उत्तरदायित्वों पर प्रकाश डाला। वक्ता डॉ साव ने छत्तीसगढ़ के निर्माण और टिकाऊ विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में उद्योगों के महत्व और नागरिकों के योगदान को रेखांकित किया। मुख्य अतिथि श्यामकर ने राज्य निर्माण से लेकर अबतक के विकास पर अपना विचार व्यक्त किया। संचालन डॉ. सुबोध देवांगन एवं आभार प्रकट दीपक वर्मा ने किया। इस दौरान डॉ रोहन प्रसाद, प्रीति खुर्शैल, योगिता, डॉ. मीरा देवांगन, नीतू साहू, विनोद वर्मा, जयप्रकाश वर्मा, कौशिकी साहू, देवानंद बंदे सहित अन्य मौजूद थे।

## छत्तीसगढ़ के विकास पर कॉलेज में कार्यशाला

**जालबांधा।** नवीन शासकीय महाविद्यालय जालबांधा में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के निर्देशन एवं सहायक प्राध्यापक संजय देवांगन के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव अंतर्गत 25 वर्षो की गौरव गाथा छत्तीसगढ़ के हर कदम के साथ विषय पर सेमीनार का आयोजन किया गया। सहायक प्राध्यापक श्री देवांगन ने स्वागत भाषण में बताया कि किस तरह छत्तीसगढ़ वर्ष 2000 में भारत का 26वां राज्य बनने के बाद अपनी सांस्कृतिक विरासत को सहेजकर विकास के लक्ष्यों को हासिल कर विशिष्ट पहचान बनाया है। वर्ष 2025-26 आत्मावलोकन एवं भावी संकल्पों का वेर्ष है। इस मौके पर सरपंच जयराम वर्मा ने बताया कि रजत जयंती वर्ष के आयोजन का उद्देश्य राज्य की उपलब्धियों को कोने-कोने तक पहुंचाना है। इसी कड़ी में विशेष अतिथि महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष जय प्रकाश साहू ने छत्तीसगढ़ के बनने के इतिहास से लेकर अब तक विकास की चर्चा की। पवनतरा के सरपंच राजेंद्र वर्मा, जनभागीदारी समिति के सदस्य हेमंत देशमुख ने भी अपने विचार रखे। संचालन पूजा देवांगन एवं आभार प्रदर्शन रितेश बंजारे ने किया। इस मौके पर सहायक प्राध्यापक डॉ नवीन सिंह राजपूत, रवि प्रकाश चतुर्वेदी, मासूम वर्मा , नेमू साहू, नेलम दीवान आदि मौजूद थे।



## पंचायत सचिव के समर्थन में सामने आए पंच और ग्रामीण

- उपसरपंच पर लगाया साजिश करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

ग्राम पंचायत खपरीकला के पंचों और ग्रामीणों ने उपसरपंच द्वारा सचिव को हटाने के प्रयास का विरोध किया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि उपसरपंच द्वारा सचिव को हटाने साजिश करते हुए जनपद और जिला पंचायत में आवेदन दिया है। उन्होंने सचिव की कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त करते हुए जिला और जनपद पंचायत पहुंचकर ज्ञापन दिया।

ग्रामीणों ने अपने ज्ञापन में बताया कि कुछ सप्ताह पहले उपसरपंच ने महिला सरपंच व कुछ पंचो के हस्ताक्षर लेकर जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत में आवेदन देकर सचिव को पंचायत से हटाने की मांग

किया था। आवेदन में उपसरपंच ने सचिव पर पंचायत में नही बैठने, कार्यो को सरपंच की बिना सहमति के कराने का आरोप लगाया था। वहीं दूसरी तरफ सचिव का समर्थन करते हुए पंच हीरालाल नारंग, ललेश्वरी खुटेल, सोनूबाई, मीरा वर्मा, हिमा साहू, ममता साहू सहित अन्य ने बताया कि सचिव रामदुलार साहू बिना प्रस्ताव के कार्य नहीं करता है। सरपंच सहित पंचो के अलावा ग्रामीणों की सहमति से अब तक कार्य करते आ रहा है।

#### स्वार्थवश सचिव पर आरोप

आश्रित ग्राम झिटिया के ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर बताया कि उपसरपंच द्वारा द्वेष की भावना से सचिव पर निराधार आरोप लगाया गया है, जबकि सचिव ने गांव के विकास में अनेक कार्य किए हैं जिसमें सीसी रोड़, नाली, आम्बेडकर भवन, सामुदायिक भवन, मंच, पानी टंकी, पाइप लाइन विस्तार, जैतखाम चबूतरा सहित अन्य शामिल है। सभी कार्य सचिव के प्रयास से हुए हैं।

### गोष्ठी में छत्तीसगढ़ के विकास और संभावना पर की चर्चा

# नेहरू कॉलेज डोंगरगढ़ में विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर नेहरू महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बीते दिनों पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। नए भवन में आयोजित पुस्तक मेले का शुभारंभ प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती एवं ग्रंथालय प्रमुख नितेश तिरपुड़े ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ रेवती ने कहा कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने का सही तरीका सिखाती है। कार्यक्रम में प्राध्यापक, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

कला संकाय ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ विकास यात्रा के विविध आयाम विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में बबिता मेश्राम ने प्रथम, छबिधर साहू द्वितीय तथा विकास मेश्राम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त उदय, विजय सिन्हा, धनिता यादव, अक्षत मेश्राम, अमन सेन, तेजेश्वरी पटेल, नेहा मरकाम, दीपा ठाकुर, रागिनी पडोती, दीपक साहू सहित अन्य ने भी प्रतियोगिता में उपस्थिति दर्ज कराई। संचालन डॉ. नीता राजपूत तथा आभार प्रदर्शन डॉ. आशा चौधरी ने किया।





#### सालों बाद मिले पुराने छात्र

महाविद्यालय में पहले सेमेस्टर के छात्र छात्राओं के सहयोग से मिलन समारोह का आयोजन किया गया। पूर्व छात्रों ने उपस्थिति दर्ज कराकर अपनी प्रतिभा, जीवन आदि की जानकारी साझा किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, पालिकाध्यक्ष रमन डोंगरे, उषा किरण शाह, रोहित वाल्दे, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान, बम्लेश्वरी ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुनील जैन, पूर्व जनपद सदस्य धीरेन्द्र प्रताप सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम में नए पुराने छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान महाविद्यालय की नई वेब साईड का उद्घाटन किया गया। भूतपूर्व छात्रों संगीतमय कार्यक्रम के साथ अपनी मधुर आवाजों से अपनी प्रस्तुति दिया। इस मौके पर पिंटू भाटिया, धीरज मेश्राम, प्रफुल्ल चावडा, सत्यप्रकाश मिश्रा, मनोज गुप्ता, मुन्नालाल नंदेश्वर, महेश सेन, करनालसिंह अरोडा, राकेश अग्रवाल, बब्बु भाटिया, किरण नरेडी सहित अन्य उपस्थित थे।

### स्वयंसेवकों ने किया सफाई



**डोंगरगांव।** छत्तीसगढ़ के रजत महोत्सव के तहत डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ एके धमगाये के निर्देशन एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रियांकी गजभिये तथा आशाराम साहू के मार्गदर्शन में रासेयो इकाई ने गोद ग्राम कन्हारपुरी में स्वच्छता अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने ग्राम पंचायत परिसर, प्राथमिक शाला, आंगनबाड़ी केंद्र, सांस्कृतिक मंच के आसपास तथा गलियों की साफ सफाई किया। स्वच्छता के नारे लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया। स्वयंसेवकों ने प्लास्टिक उत्पादों , कटीले पेड़ पौधों तथा अपशिष्ट पदार्थों को एकत्रित कर साफ किया। अंत में रैली निकाला गया। इस दौरान पंचायत सचिव रमेश रामटेके, पंच केशवराम, स्वयंसेवक सत्यम वैष्णव, अंकुश दीक्षित, शोभित कुमार, देवनारायण माली, डोमेश्वरी साहू, पलक आदि अभियान में शामिल हुए।

# नशे के खिलाफ अभियानः पुराना बस स्टैंड के पास 173 ग्राम गांजा जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से नशीला पदार्थ व शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ पुलिस ने धरपकड़ अभियान तेज कर दिया है। जिसके तहत एक युवक को पकड़कर गांजा बरामद किया। जिसके खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र में असामाजिक तत्वों, अवैध गांजा, शराब, नशीले पदार्थों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मुखबीर की सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस द्वारा घटना पुराना बस स्टैंड खालसा होटल के पास राजनांदगांव में रेड कार्रवाई कर आरोपी नकील खान 20 वर्ष गौरीनगर वार्ड नं. 14 को पकड़ा गया। जिसके कब्जे से 173.98 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 5000 रुपए एवं बिक्री रकम 300 रुपए जब्त किया गया। आरोपी का कृत्य नारकोटिक्स के तहत अपराध सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर 13 सितंबर को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया।

## नशीले पदार्थों के खिलाफ अभियान जारी

पुलिस के अनुसार आगे भी अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा, शराब जैसे नशीले पदार्थों की बिक्री में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उपरोक्त कार्रवाई में निरीक्षक रामेन्द्र सिंह थाना प्रभारी सिटी कोतवाली, निरीक्षक योगेश कुमार पटेल, प्रधान आरक्षक शंभूनाथ द्विवेदी, आरक्षक रामखिलावन सिन्हा, लिलेन्द्र पटेल, रामनारायण चंदेल, पारख दास साहू एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## नशेबाजों के खिलाफ मुहिम

**खैरागढ़।** जिला केसीजी पुलिस द्वारा नशे एवं नशेबाजों के खिलाफ सख्त मुहिम चलाई जा रही है। जिसके तहत 30 से भी अधिक लोगों की थाना में परेड कराई गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार 12 सितंबर को जिला केसीजी पुलिस टीम द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीकर घूमने एवं हल्ला-गुल्ला व हुड़दंग करने वाले 30 से भी अधिक लोगों की थाना ठेलकडीह में परेड कराकर सख्त चेतावनी दी गई। नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में निबंध लिखवाकर नशा छोड़ने हेतु सबक सिखाया गया। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने व सायबर फ्रॉड से बचने की हिदायत भी दी गई। पूर्व दिवस में थाना खैरागढ़ व गंडई में भी इसी प्रकार की कार्रवाई की गई थी।




# जेल में हथियार से एक कैदी पर हमला से सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला जेल के भीतर कैदियों के बीच गैंगवार हुई जिसमें युवराज राजपूत नामक कैदी पर 4-5 अन्य कैदियों ने स्टील ग्लास को तरास कर बनाये गए हथियार से हमला कर घायल किए जाने की खबर है।

सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार गत दिवस हमलावरों ने युवराज के चेहरे और पीठ पर कई वार किए, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद युवराज के साथी कैदी और परिजन कोतवाली पहुंचे, जहां उन्होंने शिकायत दर्ज कराई। हमला चल रही गुटबाजी और पुरानी रंजिश का परिणाम बताया जा रहा है।

## अचानक किया हमला

सूत्रों के अनुसार, युवराज राजपूत, जो एक आपराधिक मामले में जेल में बंद था, अपने बैरक से बाहर निकला था, तभी एक प्रतिद्वंद्वी गुट के 4-5 कैदियों ने अचानक स्टील ग्लास को काटकर बनाये गए हथियार से हमला बोल दिया। हमलावरों ने युवराज के चेहरे पर कम से कम तीन वार किए। हमले के दौरान अन्य कैदी चीखते-चिल्लाते रहे, हालांकि जेल स्टाफ के पहुंचने से पहले ही वह खून से लतपत हो चुका था।

## जेल की भीतर ही उपचार

मिली जानकारी के अनुसार घायल युवराज को तत्काल जेल के भीतर उपलब्ध प्राथमिक चिकित्सा प्रदान की गई। इधर इस मामले की शिकायत कोतवाली थाने में घायल व उसके परिजनों ने की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।






## सार समाचार

### गणेश समिति ने जताया आभार

**डोंगरगढ़।** तारण पिपलेश्वर महादेव गणेश उत्सव समिति थाना चौक की विसर्जन झांकी राम सेतु के निर्माण में गिलहरी का योगदान को नगर



वासियों के मिले स्नेह और समर्थन के लिए समिति ने सभी का आभार व्यक्त किया है। श्री हनुमान भक्त समिति मंच में प्रथम पुरस्कार, श्री मंगल मूर्ति सेवा समिति में प्रथम पुरस्कार, एकता मंच रेल्वे चौक में द्वितीय पुरस्कार, श्री सिद्धि विनायक सेवा समिति मंच डोंगरगढ़ में द्वितीय पुरस्कार, भाजपा शहर मंडल डोंगरगढ़ मंच द्वारा तृतीय पुरस्कार दिया गया।

### बाजा बोर्ड गठन की मांग

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ गंधर्व गाड़ा समाज ने समाज के उत्थान के लिए बाजा बोर्ड गठन करने की मांग रखी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को लिखे



पत्र में समाज के अध्यक्ष माधोलाल देवदास, सचिव राजकुमार महानदिया, संरक्षक हरिराम सोनवानी, नाथूराम हैवार, शीतलदास गंधर्व, वेदराम गंधर्व, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार गंधर्व, भगतराम गंधर्व, कोषाध्यक्ष तिलकराम गंधर्व, सह सचिव विष्णु प्रसाद, मीडिया प्रभारी कपिलराम बघेल, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष दुर्गा महानदिया, उपाध्यक्ष पुष्पलता शेरवा, सचिव चंद्रकांता महानदिया, सहसचिव जानकी गंधर्व, कोषाध्यक्ष मनीषा बघेल, तोरणलाल देवदास, मंगल सिंह सहित अन्य ने मांग का समर्थन किया है। उन्होंने बताया कि गाडा गंधर्व समाज के लोग पौनी पसारी व कोटवारी का काम करते हैं। समाज के विकास के लिए बाजा बोर्ड गठन करना आवश्यक है। जिससे समाज का पिछड़ापन दूर हो सके।

### किसानों के लिए वरदान है फसल चक्र परिवर्तन

**छुरिया।** ग्राम पंचायत आमगांव (छू.) में कृषि विभाग द्वारा आयोजित फसल चक्र परिवर्तन कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, कृषि




समिति की सभापति उत्तरा निषाद शामिल हुई। इस मौके पर श्री सिन्हा ने रबी फसल में धान के स्थान पर मक्का, अलसी, चना, गेंहू, मटर, मसूर, उड़द, सूर्यमुखी लगाने की सलाह देते हुए उन्होंने बताया कि गर्मी के दिनों में एक किलो धान को पैदा करने में तीन से चार हजार लीटर पानी की आवश्यकता होती है, जिससे पानी की बर्बादी होती है । फसल चक्र परिवर्तन कर पानी बचाने के साथ अन्य उपज लेकर रकम बचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि भूमिगत जलस्तर नीचे जा रहा, जिसे देखते हुए वर्षा जल का संचयन करना जरूरी है। किसानों को उत्तरा निषाद, एकांत चंद्राकर ने भी संबोधित किया । इस अवसर पर भानबाई मंडावी, रेखा गंधर्व, ऊभेराम मंडावी, पदम भूषण साहू, नैनसिंह पटेल, अशोक सेन, नरेश शुक्ला, हीराराम नेताम, गोविंद साहू, कृषि विस्तार अधिकारी सहड़े, सुदेश पटेल, आरईओ साहू, कोठरी सहित अन्य मौजूद थे।

### एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव।** एनआईईपीआईडी सिकंदराबाद के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्यरत सीआरसी राजनांदगांव में 8 सितंबर को विश्व फिजियोथेरेपी दिवस एवं विश्व ड्युचेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी दिवस के अवसर पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. योगेश सोनी, डॉ. रोमा माखिजा, डॉ. पुखराज बाफना एवं निदेशक सीआरसी राजनांदगांव स्मिता महोबिया उपस्थित थे। मुख्य अतिथियों ने ड्युचेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी के लक्षण एवं प्रबंधन के संबंध में जानकारी दी गई। इसके साथ ही ड्युचेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी के प्रारंभिक पहचान, चिकित्सीय एवं सामुदायिक सहयोग के महत्व के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के समापन के बाद परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर फिजियोथेरेपिस्ट, सीआरसी राजनांदगांव डॉ. पूजा साहू, प्रोस्थेटिस्ट एवं ऑर्थोटिस्ट चुनमुन मोहंती एवं मुक्त साहू उपस्थित थे।

### निजी मोबाइल कंपनी की मनमानी

**राजनांदगांव।** डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बिल्हरी में एयरटेल कंपनी द्वारा बिना ग्राम पंचायत एनओसी लिए बगैर टॉवर स्थापित किया



जा रहा है। बीते दिनों ग्रामवासियों ने विरोध कर टॉवर निर्माण कार्य को रोका गया। कंपनी द्वारा जिलाधीश राजनांदगांव से एनओसी मिलने का धौंस ग्रामीणों को दिखाया जा रहा था। ग्रामीणों के साथ जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव कलेक्टोरेट पहुंचकर टॉवर निर्माण पर रोक लगाने हेतु कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, सूरज कौशल, गणेशाराम, राजेंद्र कुमार, लक्ष्मीनारायण, लकी सिंह, राजेश सिंह सहित ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### जिला न्यायालय में विशेष जागरूकता शिविर आयोजित

**राजनांदगांव।** विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर जिला न्यायालय परिसर राजनांदगांव में सेंट्रल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो सांइस देवादा के संयुक्त तत्वावधान में विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सुषमा सावंत ने विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर आयोजित विशेष जागरूकता शिविर में विभिन्न विभाग के कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों में आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति को दृष्टिगत रखते तनाव से बचने एवं आत्महत्या जैसे आत्मघाती कदम उठाने से रोकने हर परिस्थितियों में खुश रहने की कुंजी दी। कुलपति सेंट्रल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो सांइस देवादा प्रमोद गुप्ता ने आत्महत्या जैसे कदम उठाने से रोकने के लिए अपने दैनिक जीवन तथा कार्यों का उचित प्रबंधन करने का मंत्र दिया। शिविर में न्यायाधीशगण एवं जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष मनोज चौधरी, पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, अधिवक्तागण, महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### कांग्रेसियों ने किया है अपमान : गीता

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति विपक्षी नेताओं द्वारा की गई अशोभनीय और अपमानजनक टिप्पणी ने न केवल राजनीतिक शिष्टाचार की मर्यादा को तार-तार किया है, बल्कि पूरे देश की मातृशक्ति का अपमान किया है। कांग्रेस और राजद के मंच से इस प्रकार की अभद्र भाषा का प्रयोग यह दर्शाता है कि सत्ता की लालसा में ये लोग अपने विवेक और संस्कृति को पूरी तरह खो चुके हैं। राजनांदगांव जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष व खुज्जी शेड़ो विधायक गीता घासी साहू ने इस मामले में तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते कहा कि प्रधानमंत्री की मां के खिलाफ की गई टिप्पणी केवल नरेंद्र मोदी पर नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीय माताओं के सम्मान पर आघात है। एक सामान्य भारतीय मां के संघर्षों, त्याग और संस्कारों से उपजा यह नेतृत्व आज भारत को वैश्विक पटल पर गौरवान्वित कर रहा है।

## टीएल की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# मवेशियों को सड़कों से हटाकर स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करें : चंद्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्टोरेट में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने विभागवार कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों पर घुमंतू मवेशियों के वजह से होने वाली दुर्घटनाओं पर कमी लाने का निर्देश देते हुए सभी सीएमओ एवं जनपद पंचायत सीईओ मवेशियों को सड़कों से हटाकर उनके लिए स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा, ताकि सड़क दुर्घटनाओं की संभावना और जनहानि को पूरी तरह रोका जा सके।

इस दौरान उन्होंने नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में बनाए गए कांजी हाउज की स्थिति की भी विस्तृत जानकारी ली और मवेशी प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। अटल मॉनिटरिंग पोर्टल की समीक्षा करते हुए स्पष्ट कहा कि पोर्टल पर दर्ज प्रगति ही जिले की कार्य कुशलता का आधार है जिन विभागों की रैंकिंग कमजोर है, उन्हें तत्काल सुधार के लिए ठोस कार्य योजना बनाकर लागू करनी होगी। उन्होने सभी विभाग प्रमुखों को नियमित रूप से डेटा अपडेट करने और लंबित कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने कहा।



### किसान पंजीयन कार्यों की हुई समीक्षा

कलेक्टर ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि समय-सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार्य नहीं होगी। किसानों के हित में उन्होंने एग्री स्टैक पोर्टल के माध्यम से हो रहे पंजीयन कार्य की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पात्र किसानों का समय पर पंजीयन सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि इससे किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं का लाभ समय पर मिल सकेगा। राज्य नीति आयोग द्वारा तैयार छग अंजोर विजन 2047 दस्तावेज की जानकारी देते हुए कहा कि जिले में अधोसंरचना विकास के साथ ही शिक्षा और स्किल्ड विकास पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। इसके अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, ऊर्जा, पर्यावरण, सामाजिक न्याय और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में ठोस पहल सुनिश्चित करने पर बल दिया गया है। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक विभाग अपनी कार्ययोजना तय समय-सीमा के भीतर पूर्ण करे तभी जिले का सर्वांगीण विकास संभव है। बैठक में जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, एसडीएम खैरागढ़ अंकेश्वर प्रसाद साहू, एसडीएम छुईखदान सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## राजमिस्त्री प्रशिक्षण का समापन



**राजनांदगांव।** बड़ौदा आरसेटी राजनांदगांव द्वारा 11 सितंबर को ग्राम पंचायत टेडेसरा में संचालित 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण का अंतिम मूल्यांकन पश्चात समापन किया गया। यह प्रशिक्षण भारत सरकार की महत्वाकांशी योजना प्रधानमंत्री आवास के सफल क्रियावयन हेतु हर ब्लॉक में करवाया जा रहा है। जिससे आवास का काम जल्द पूरा किया किया जा सके। यह 30 दिवसीय प्रशिक्षण जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह के मार्गदर्शन और आरसेटी के निदेशक अमित मिश्रा के निर्देशन में दिया गया।

प्रशिक्षण में टेडेसरा के 27 महिलाओं और 3 पुरूषों के साथ कुल 30 हितग्राही को राजमिस्त्री के काम चिनाई, प्लास्टरिंग, लेवलिंग, सेंट्रिंग, कांक्रिट कार्य इत्यादी के बारे में डीएसटी आकाश चक्रवर्ती द्वारा बताया गया।

बैंकिंग, परियोजना रिपोर्ट, उद्यमी के गुण इत्यादी विषयों पर संस्था के संकाय ऋषभ मिश्रा और प्रेमचंद साहू द्वारा जानकारी दी गई।

## कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय में शिक्षक दिवस का आयोजन

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय में 'शिक्षक दिवस' सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. मनीष जैन एवं संजय अग्रवाल संचालक कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय द्वारा मां सरस्वती की वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।



महाविद्यालय के संचालक संजय अग्रवाल ने कहा कि ''शिक्षक राष्ट्र निर्माण की नींव होते हैं। वे न केवल ज्ञान प्रदान करते हैं, बल्कि छात्रों के चरित्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।'' प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने बताया कि महाविद्यालय में प्रतिवर्ष शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। उन्होंने दार्शनिक, शिक्षक एवं भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के विचारों को व्यक्त करते बताया कि ''सच्चे शिक्षक वह नहीं है, जो अपने छात्रों को अपने जैसा बनने के लिए मजबूर करें, बल्कि वह है, जो उन्हें खुद जैसा बनने की प्रेरणा भी दें। ज्ञान का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं है, बल्कि जीवन को एक अर्थ देना है।''

## विवि में पाक्षिक कार्यक्रम श्रुति मंडल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

इन्दिरा कला संगीत विवि में कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा के मुख्य आतिथ्य में पाक्षिक कार्यक्रम श्रुति मंडल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नृत्य संकाय के शिक्षकों के निर्देशन में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रस्तुति दी गई। प्रोडॉ नीता गहरवार के निर्देशन में कथक नृत्य की एकल प्रस्तुति सचिन कुमार ने और दरबारी तराना की सुजीत कुमार सेन, कल्पना साहू, तनुश्री रॉय, पायल सिदार, उर्वशी कुमारी, पूनम कुमारी व श्रीपुखा नारजारी ने सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी।




सुशान्त कुमार दास ओडिसी द्वारा एकल नृत्य केवट प्रसंग की प्रस्तुति दी गई। डॉ शेख मेदिनी होंबल भरतनाट्यम के निर्देशन में भरतनाट्यम नृत्य की सामूहिक व एकल प्रस्तुति होरिल गौर, रोशनी देवांगन, साक्षी तोकल, मानसी देवांगन, कुसुम सोनी, अनुपमा तिवारी, खुशबू भूमिज, अनुकृति सिंह व दीप्ति निषाद ने दी। अंत में सुशान्त कुमार दास ओडिसी के निर्देशन में कोणार्क कीर्ति की सामूहिक नृत्य प्रस्तुति कोणार्क कीर्ति की सामूहिक नृत्य प्रस्तुति हिमानी सारथी, हीना दास, दुर्गेश्वरी पाल, अर्पित इनवाती व सुधा योजन ने दी। मंच संचालन मौलश्री सिंह व प्रज्ञा प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में मो शफीक हुसैन ने सारंगी, ए रोशन कुमार ने हारमोनियम व गायन, दीपक दास महन्त ने तबला और ऋषभ साहू ने पढ़ंत पर संगत किया। इस दौरान प्रभारी कुलसचिव डॉ सौमित्र तिवारी, प्रो डॉ नमन दत्त, डॉ देवमाईत मिंज, श्रुति मंडल संयोजक डॉ दीपशिखा पटेल, डॉ. दिवाकर कश्यप, डॉ. लिकेश्वर वर्मा, डॉ शिवाली बैस, जगदेव नेताम सहित शिक्षकगण, संगतकारगण, अतिथि व्याख्याता व शोधार्थी उपस्थित थे।

# प्रकरण का प्राथमिकता से करें निराकरण

## कलेक्टर ने ली बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी तथा जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स व सखी संचालन समिति की बैठक ली। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग उपस्थित थे।

कलेक्टर भुरे ने कहा कि संप्रेक्षण गृह में बच्चों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा गार्ड होना चाहिए। उन्होंने शासकीय बालक एवं बालिका संप्रेक्षण गृह में बच्चों की देखरेख एवं सुरक्षा के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पॉक्सो के केस को गंभीरता से लेते प्राथमिकता से निराकरण करने की जरूरत है। किशोर न्याय बोर्ड, दत्तक ग्रहण एजेंसी, बाल विवाह मुक्त पंचायतों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए समाज में




### नशे के विरूद्ध किए जा रहे कार्यों की समीक्षा

उन्होंने सखी वन स्टॉप सेंटर के संबंध में जानकारी ली तथा प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने शासकीय मेडिकल कालेज के समीप कामकाजी महिलाओं के बच्चों के लिए पालना घर, बाल तस्करी, गुमशुदा बच्चे, एक युद्ध नशे के विरूद्ध के संबंध में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नाबालिग बच्चों से जुड़े छोटे प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए।

जागरूकता एवं संवेदीकरण की जरूरत है। उन्होंने चाईल्ड हेल्पलाइन के लिए विभिन्न स्थानों पर हेल्प डेस्क बनाने कहा।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि बाल विवाह को कम करने विशेष तौर पर कार्य करने की आवश्यकता है। इसके लिए जनसामान्य में व्यवहार परिवर्तन एवं जागरूकता लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नशाखोरी, हिंसा एवं बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों से बच्चों को सुरक्षित रखने कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने बाल तस्करी, एक युद्ध नशे के विरूद्ध एवं अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर पुलिस विभाग से समन्वय करते कार्य करने कहा। उन्होंने कहा कि छोटे अपराधिक प्रकरणों में विवेचक एवं गवाही महत्वपूर्ण है। ऐसे प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने की जरूरत है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग गुरूप्रीत कौर ने बताया कि प्रत्येक हास्पिटल में पालना शिशु केन्द्र स्थापित किया जाना है और इसके लिए प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। उन्होंने एक युद्ध नशे के विरूद्ध अभिान के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इसके लिए प्रहरी क्लब का गठन किया जाना है तथा इस क्लब को सक्रिय करते बच्चों को नशे से दूर रखने जागरूकता लाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर बाल सुरक्षा अधिकारी चंद्रकिशोर लाड़े एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## पंडवानी गायिका तीजन बाई से मिली कुलपति



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पद्मश्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित अंतरराष्ट्रीय पंडवानी गायिका श्रीमती तीजन बाई से संगीत विवि की कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने सौजन्य भेंट की। उनके निवास ग्राम गनियारी पहुंचकर कुलपति ने हालचाल और स्वास्थ्य की जानकारी ली।

परिजनों ने बताया कि बीते दो सालों से वे अस्वस्थ हैं और घर पर ही स्वास्थ्य लाभ ले रही हैं। कुलपति ने श्रीमती तीजन बाई के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। तीजन बाई ने कुलपति के सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। इस दौरान प्रसिद्ध पंथी कलाकार पद्मश्री डॉ.राधेश्याम बारले भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि श्रीमती तीजन बाई अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त पंडवानी गायिका हैं जो अपनी कला के दम पर पद्मश्री, पद्मभूषण व पद्म विभूषण से भी सम्मानित हो चुकी हैं। ऐसी महान हस्ती से मिलकर कुलपति ने लोक संस्कृति और लोक कलाओं को और अधिक ऊंचाई तक ले जाने का आशीर्वाद लिया।

# घर-घर मुफ्त बिजली का संदेश पहुंचाने निकला सूर्य रथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य और जिले के शहरी और ग्रामीण अंचलों में भ्रमण कर लोगों को रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने के लाभ सहित सब्सिडी और वित्तीय सुविधा की जानकारी देने जिला कार्यालय से सूर्य रथ रवना हुआ।

ऊर्जा आत्मनिर्भरता, प्रदूषण मुक्त बिजली और पर्यावरण संरक्षण सहित जिले को हरित ऊर्जा की ओर अग्रसर करने के लिए निकला सूर्य रथ जिले के सुदूर गॉवों तक पहुंचेगा और योजना का लाभ बताएगा। गौरतलब है कि जिले में अब तक 340 उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लेने के लिए



आवेदन किया है, जिनमें से 335 उपभोक्ताओं को मंजूरी प्राप्त हो चुकी है। 10 घरों में सौर पैनल स्थापित हो गया हैं, जबकि 46 में कार्य प्रगति पर है। योजना अंतर्गत उपभोक्ताओं को अधिकतम 1.08 लाख रुपए तक की सब्सिडी प्रदान की जाएगी। 1 किलोवाट सोलर प्लांट पर 45 हजार, 2 किलोवाट पर 90 हजार और 3 किलोवाट पर 1.08 लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। उपभोक्ता केवल 10 प्रतिशत डाउन पेमेंट कर शेष राशि को 6 प्रतिशत ब्याज दर पर 10 वर्षों तक की किस्तों में चुका सकेंगे। साथ ही, अतिरिक्त बिजली उत्पादन को बेचकर उपभोक्ता आर्थिक लाभ भी कमा सकेंगे।

## जनता को गुमराह करने की कोशिश

**राजनांदगांव।** वार्ड क्र. 39 के भाजपा पार्षद रवि सिन्हा ने कहा कि



महापौर मधुसूदन यादव पर नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले द्वारा लगाए गए आरोप न केवल झूठे और निराधार हैं, बल्कि उनकी बौखलाहट और राजनीतिक हताशा का साफ प्रमाण है। जनता का विश्वास जब उनके हाथ से खिसकता दिख रहा है, तब वे अफवाहों और भ्रम फैलाने की राजनीति पर उतर आए हैं। महापौर यादव के नेतृत्व में नगर निगम पूरी पारदर्शिता और जनता की भागीदारी से संचालित हो रहा है। सड़कों का निर्माण, नालियों की सफाई, पेयजल आपूर्ति और रोशनी की व्यवस्था में लगातार सुधार हो रहा है। यही विकास कार्य विपक्ष को पच नहीं रहे हैं। जनता देख रही है कि महापौर जनता के बीच काम कर रहे हैं।

## नशाखोरी का बिछा जाल, विस अध्यक्ष के कबूल नामे से लोग हैरान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने क्षेत्रीय विधायक व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा नवागांव में चाकूबाजी के चलते हुई हत्या पर मृतक के परिजनों के साथ मिलने के दौरान दिए गए नशाखोरी का बढ़ता जाल वाले बयान पर हैरत जताई है और कहा है कि ऐसा कह स्वयं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. सिंह ने अपनी ही विष्णुदेव साय वाली सरकार को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं।

श्री पिल्ले ने कहा कि डॉ. सिंह ऐसा कह क्या यह कहना चाह रहे हैं कि प्रदेश की साय सरकार नशाखोरी रोकने में असफल है। गांव-गांव में शराब की नदियां बह रही है। दारू, गांजा, स्मैक, चरस, नशे की गोलियां आदि मादक पदार्थ धड़ल्ले से बिक रहें हैं, जिसे रोकने सरकार का कोई अंकुश नहीं रह गया है।

नेता प्रतिपक्ष पिल्ले ने इस तरह की परिस्थितियों पर चिंता व्यक्त करते कहा कि नशाखोरी बढ़ने से आए दिन मारपीट, दंगे-फसाद, चाकूबाजी की घटनाएं हो रही है। लोग बेमौत मारे जा रहे हैं। स्वयं डॉ. सिंह अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में शराबबंदी की बात कही थी व धीर-धीरे इस पर अंकुश भी लगा रहे थे, लेकिन उन्हीं की पार्टी का प्रदेश में सत्ता आने के बाद प्रदेश में शराब की नदियां बहने लगी है। नशाखोरी का जाल बिछ गया है। नाबालिग युवक नशे की गोलियां खाकर हत्या जैसी वारदात को अंजाम दे रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### रात्रिकालिन कबड्डी स्पर्धा आज

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंडरिया में कल रविवार को युवा कबड्डी क्लब एवं ग्रामीणों के सहयोग से एक दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी स्पर्धा का आयोजन किया गया है। शुभारंभ मौके पर अतिथि के तौर पर सरपंच जानकी तामेश्वर जंघेल, जनपद सदस्य ज्योति जंघेल, भूपेन्द्र जंघेल, उदल राम साहू शामिल होंगे। स्पर्धा के विजेता टीम को 8001 एवं उपविजेता टीम को 6001 रूपए से सम्मानित किया जायेगा। तीसरे एवं चौथा पायदान की टीम को क्रमशः 4001 एवं 2001 रूपए दिया जाएगा। खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन पर सम्मानित किया जाएगा।

### मुक्तिधाम में लगाया बरगद



**घुमका।** नगर पंचायत क्षेत्र के मुक्तिधाम में छाया के लिए बरगद का रोपण किया गया है। विकास पाल, पीयूष दुबे ने बताया कि मुक्तिधाम में छायादार पेड़ नहीं होने के कारण अंतिम संस्कार करने आने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसलिए छाँव के लिए बरगद पौधा लगाने का विचार आया। उन्होंने शनिवार को पौधा रोपण किया। इसके पहले विगत वर्ष उन्होंने देवरीडीह के मंदिर परिसर में बरगद का रोपण किया था।

### नोमिका करेगी दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व



**सड़क अतरिया।** दाऊ गुलाबदास वैष्णव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सड़क अतरिया की छात्रा नोमिका गांधी वर्मा एवं छल्ला जैतराम वर्मा मुंगेली में आगामी 15 सितम्बर से आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता अंतर्गत शतरंज 17 वर्ष में दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगी। जिला शिक्षा अधिकारी लाल जी द्विवेदी, जिला क्रीड़ा अधिकारी कन्हैया पटेल, बीईओ रमेन्द्र कुमार डडसेना ने उन्हे बधाई दी है। संभाग स्तरीय खेल में प्रतिनिधित्व करने पर ही एमडीसी अध्यक्ष राधे मोहन वैष्णव, अशोक जंघेल, डोमार सिंह, सोनम लोमश वैष्णव, प्राचार्य खेमराज सिन्हा, हेमलता वैष्णव, कोमल नारायण वर्मा, शिव कुमार पारधी, पुष्पा जंघेल, हेमलता पारधी, अनिता मेरावी, वेदकुमारी पाली, पारसमणी सिन्हा, शोभना बोपचे, सरिता शर्मा, बबीता ठाकुर, दीपाली जंघेल, तुकाराम साहू, मिथलेश पटेल, अभिषेक गहिरवार, मीनाक्षी पटेल ने दोनों छात्रों को बधाई दी है।

### बच्चेदानी निकालने के नाम पर अस्पताल प्रबंधन की मनमानी उजागर

# इलाज के लिए तयशुदा रकम से ज्यादा की मांग, पीड़ित पहुंचा सीएचएमओ पास

## जान का खतरा बताकर तुरंत आपरेशन की दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बच्चेदानी निकालने के नाम पर बालाजी हास्पिटल प्रबंधन पर तयशुदा रकम से ज्यादा वसूली को लेकर मरीज के पति ने सीएचएमओ को शिकायत आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। ब्लॉक के जोरातराई निवासी अजय देवदास ने बताया कि कुछ दिन पहले वो अपनी पत्नी कुसुमलता के लगातार पेट दर्द की शिकायत पर गंडई के बालाजी डायग्नोसिस ले गया था, जहां सोनोग्राफी रिपोर्ट में बच्चेदानी में खराबी की बात कहकर, तुरंत आपरेशन की सलाह दी गई। उसने अपनी गरीबी का हवाला दिया और कहा कि अभी इलाज के लिए पर्याप्त रकम नहीं है, बाद में इलाज करा लेगा, लेकिन बालाजी अस्पताल से लगातार फोन कर उस पर दबाव बनाया गया कि मरीज की हालत बहुत ज्यादा क्रिटिकल है, तुरंत आपरेशन नहीं हुआ तो जान पर खतरा बढ़ जाएगा।

अजय देवदास ने कहा कि अस्पताल के जिम्मेदार लोगों के कहने पर उनकी बात मानकर वो 9 सितंबर की रात को ही पत्नी को अस्पताल ले आया, जहां खुले चर्चा में बताया गया कि आपरेशन, दवाई सहित बेड वगैरा का 25 हजार रुपए लगेगा, उनकी बात पर भरोसा कर उसने पंद्रह हजार रुपए जमा भी कर दिया, लेकिन तीन दिन बाद 12 सितंबर को अचानक अस्पताल प्रबंधन द्वारा 65 हजार रुपए जमा करने कहा गया। उसके असमर्थता जाहिर करने पर पत्नी का इलाज बंद कर दिए हैं। उनका कहना है कि पैसा जमा करने पर ही दोबारा इलाज चालू होगा, नहीं तो अपनी पत्नी को अन्य किसी जगह ले जाओ, जहां फोकट में इलाज होता है।

### पैसा जमा नहीं किया रोक दी दवाई-पानी

अस्पताल प्रबंधन के बदले रवैये से परेशान अजय देवदास ने अपने घरवालों और परिजनों से बात की और पूरी घटना बताई। जिसके बाद सभी ने एक राय होकर अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ शिकायत आवेदन देकर जांच की मांग की है। अजय ने बताया कि मरीज को भर्ती करने के पहले चिकनी-चुपड़ी बात करने वाला स्टाफ अब पूरी तरह से बदल गया है। आपरेशन के बाद पत्नी की हालत गंभीर हो गई है, कमर के नीचे का भाग नहीं चल रहा और अस्पताल उसका इलाज करने की जगह पहले पैसा जमा करने दबाव बना रहा है।




### अवैध तरीके से वसूली का लगाया आरोप

सीएचएमओ को सौंपे शिकायत में अजय देवदास ने कहा कि बालाजी हास्पिटल प्रबंधन मरीजों से गैरवाजिब इलाज की बात बताकर अवैध वसूली कर रहा है। गरीब आदमी उचित इलाज के लिए यदि भर्ती हो रहा है तो उसे महंगी-महंगी दवाई और टेस्ट बताकर अवैध तरीके से रकम वसूली जा रही है। उसने कहा कि मरीज की जान बचाने परिजन जमीन बेचकर, सोना-चांदी गिरवी रखकर या ब्याज में कहीं से भी पैसा लाकर अस्पताल में जमा करते हैं, उनकी इन मजबूरियों को दरकिनार कर अस्पताल प्रबंधन अपनी रोटी सेंक रहा है।

### शिकायत के बाद जांच के आदेश जारी

वहीं सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा के निर्देश पर शिकायत आवेदन की जांच के लिए पहुंचे डॉक्टर बोध परते ने अस्पताल प्रबंधन को जमकर फटकार लगाते कहा कि तयशुदा रकम और ज्यादा रकम की बात बाद में होती रहेगी, लेकिन परिजन पैसा नहीं दे रहे, करके इलाज रूकना नहीं चाहिए। उन्होंने बताया कि मौका निरीक्षण, परिजन और अस्पताल प्रबंधन से बातचीत का ब्यौरा उन्होंने सीएचएमओ को दे दिया है। कार्रवाई को लेकर निर्णय वहीं करेंगे। जबकि मामले को लेकर अस्पताल संचालक दुष्यंत अग्रवाल का कहना है कि मरीज के परिजनों को सामान्य आपरेशन को लेकर 25 हजार खर्च बताया गया था, लेकिन स्थिति क्रिटिकल होने पर उसे लेकर आए थे। जिसके चलते इलाज का खर्च बढ़ गया है।

# फसल बीमा मामले में अंतिम बयान लेने गांव पहुंची टीम



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

- किसानों का लिया गया बयान
- पूर्व में कलेक्टर सहित थाने में ग्रामीणों ने की थी शिकायत

ग्राम पंचायत धोधा एवं आसपास के क्षेत्र में हुए दर्जनों किसानों के जमीन पर दूसरे के नाम पर फसल बीमा की जांच बयान दर्ज करने जांच टीम अंतिम बयान लेने ग्राम में पहुंची और संतोष पिता तुकाराम सिंह राजपूत धोधा, दीपक पिता संतोष सिंग राजपूत धोधा, रविन्द्र पिता समलिया राजपूत धोधा, लालेंद्र पिता नसीब सिंह राजपूत कालेगोंदी का लिखित बयान लिए।

बता दे कि धोधा क्षेत्र में प्रधानमंत्री फसल बीमा के नाम पर किसानों के साथ छल किया गया है। धोधा क्षेत्र से 100 से अधिक वास्तविक जमीन के मालिक किसानों ने फसल बीमा कराया था जिन्हें बीमा का लाभ तो नही मिला परंन्तु ऐसे कुछ चुनिंदा व्यक्तियों को फसल बीमा का लाभ मिला है जिनके नाम पर उस खसरे का जमीन ही नही है।

### तीन चरणों में लिया गया बयान

27 अगस्त को ग्रामवासी जिला कलेक्टर के पास लिखित शिकायत ले कर पहंचे, जिसके बाद जांच टीम का गठन किया गया और 28 अगस्त को जांच टीम धोधा पहुची और ग्रामीणों का बयान लिए,इस दौरान कुछ किसानों का बयान लेना बाकी रह गया जिस पर लगभग 14 दिन बाद 11 सितंबर को छुटे हुए किसानों का बयान लिया गया इस दौरान ग्रामीणों को पता चला कि आरोपियों का बयान कार्यालय में ही लिया गया है जिस पर किसानों ने मिलकर आपत्ति जताया और बाकियों का भी बयान धोधा में ही लेने की बाते कही जिस पर पुनः 13 सितम्बर को धोधा में जांच टीम पहुची और बयान लिए।

# शिक्षक होते हैं समाज और भविष्य निर्माता

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



छग प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा दाऊचौरा में जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह व कार्यक्रम अध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह और विशिष्ट अतिथि एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चंदेल थे। दीप प्रज्वलन, स्वागत बाद कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। निजी स्कूलों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य और शिक्षकों को समर्पित कविताओं की रंगारंग प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने शिक्षक वर्ग को राष्ट्र और समाज निर्माता बताते कहा कि उनके बिना सभ्य समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। सम्मान समारोह के आयोजकों को बधाई दी। कार्यक्रम अध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने आयोजन की सराहना करते कहा कि इस तरह का कार्यक्रम शिक्षकों के मनोबल को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि आज के युग में शिक्षा ही समाज को आगे ले जाने का सबसे मजबूत माध्यम है और इसमें शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

### शिक्षक का सम्मान आवश्यक

छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव मोती जैन ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान का संचार नहीं करते, बल्कि वे समाज के नैतिक व चारित्रिक निर्माण में भी अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों के शिक्षक भी समर्पण और निष्ठा के साथ शिक्षा व्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं। जिनका सम्मान अत्यंत आवश्यक है। मोती जैन ने आयोजन को सराहनीय बताते कहा कि ऐसे आयोजनों से शिक्षकों को प्रेरणा मिलती है और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चंदेल ने अतिथियों और शिक्षकों का स्वागत करते कहा कि निजी स्कूलों के शिक्षक भी सरकारी शिक्षकों की तरह ही समाज को शिक्षित करने में योगदान दे रहे हैं, इसलिए उनका सम्मान होना चाहिए। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न निजी विद्यालयों से आए चयनित शिक्षकों और शिक्षिकाओं को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान राजेश देवांगन, कृष्ण कुमार सोनी, पं. मिहिर झा सहित बड़ी संख्या में निजी स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाएं और प्रबंधक उपस्थित थे।

### मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण पर विशेष व्याख्यान

**राजनांदगांव।** पीएमयूएसएचए के तहत आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में 10 सितंबर को "मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण" विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता मनीषा मेश्राम सफल उद्यमी डोंगरगढ़ ने मास्टर ट्रेनर के रूप में छात्राओं को ऑयस्टर मशरूम उत्पादन की संपूर्ण प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने उत्पादन में प्रयुक्त सामग्रियों, रख-रखाव की विधियों, आवश्यक सावधानियों तथा इससे संभावित आय के स्रोतों पर प्रकाश डाला। उन्होंने व्यवहारिक प्रदर्शन के माध्यम से छात्राओं को मशरूम उत्पादन की प्रक्रिया से परिचित कराया। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऑयस्टर मशरूम उत्पादन के लिए गेहूं का भूसा अथवा धान की कुट्टी को पानी में भिगोकर अथवा उबालकर पाश्चुरीकृत किया जाता है। तत्पश्चात इसे ठंडा कर नमी की मात्रा लगभग 50–60 प्रतिशत तक रखने के बाद इसमें 'मशरूम स्पॉन' (बीज) मिलाया जाता है। इस मिश्रण को छोटे पॉलीथिन बैगों में भरकर नियंत्रित वातावरण (20–30C तापमान) में 15–20 दिनों तक रखा जाता है, जब बैग में सफेद फफूंद (माइसीलियम) का विकास दिखाई देने लगे, तब पॉलिथीन हटाकर सतह पर नियमित जल छिड़काव किया जाता है।

### बालिकाओं को किया जागरूक

**राजनांदगांव।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय डोंगरगढ़ में 10 दिवसीय विशेष अभियान तथा बालिका सुरक्षा माह के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। किशोर माहेश्वरी द्वारा बालिकाओं को सायबर सुरक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। वीणा साहू एवं अश्वनी निर्मलकर ने घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को महिला सुरक्षा अंतर्गत विभाग द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं सखी निकेतन, सखी सदन, दहेज प्रथा, महिलाओं के अधिकार एवं पीड़िता को मिलने वाली मुफ्त विधिक सहायता के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

# स्कूल के शिक्षकों का सम्मान

- उमा शाला उदयपुर में धूमधाम से मना कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



उच्चतर माध्यमिक शाला उदयपुर में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति एवं छात्र संघ के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ललित चोपड़ा सभापति जिला पंचायत थे।

सर्वप्रथम डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षक कुम्हार की तरह होता है जो मिट्टी को नए आकार देता है। शिक्षक पूरे समाज में ज्ञान का प्रकाश फैलता है। शिष्यों के भीतर सामाजिक और नैतिक मूल्यों का रोपण करता है। सुसंस्कृति समाज और सशक्त राष्ट्र बनाने में योगदान देता है। प्रभारी प्राचार्य श्रीश कुमार पांडे ने कहा कि डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन महान दार्शनिक एवं शिक्षाविद् थे। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया। सेवानिवृत शिक्षक बालकुमार मिश्रा को शाल श्रीफल, पेन डायरी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य श्रीश कुमार पांडेय, व्याख्याता सीआर साहू, एमएल जंघेल, विजयारानी थवाईत, चंद्रकांत साहू, तामेश्वर साहू, रेणु चौबे, अनुराधा सिंह, सत्यप्रकाश महिलकर, जयचंद वर्मा, झामेश्वरी ठाकुर, राजवन्तिन साहू, टोमिन लोधी, माया ठाकुर, देवकी कैवर्त को जिला पंचायत सदस्य ललित चोपड़ा ने सम्मानित किया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्य अशोक मिश्रा, लखन सोनी, ग्राम पटेल उभय राम साहू सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। आभार व्यक्त शाला नायक नितेश कुमार साहू ने किया। संचालन सांस्कृतिक सचिव राजकुमार साहू ने किया।

### कमला कॉलेज में शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ स्थापना की 25वीं वर्षगांठ (रजत जयंती महोत्सव) के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस श्रृंखला में आयोजित क्विज प्रतियोगिता विद्यार्थियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओंकारलाल श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में हुआ। 9 सितंबर को प्री-क्विज का आयोजन किया गया था। प्री-क्विज के आधार पर बीएससी के दो तथा बीए, बी.कॉम., एमएससी एवं एमए के एक-एक समूह का चयन कर कुल छह समूहों को फाइनल क्विज में शामिल किया गया। क्विज प्रतियोगिता 10 सितंबर को संपन्न हुई। इस अवसर पर 200 से अधिक छात्राएं दर्शक के रूप में उपस्थित रही। प्रतियोगिता में डॉ. निवेदिता ए. लाल संयोजक के रूप में रही और संपूर्ण आयोजन के सुचारु एवं सफल संचालन में उनकी भूमिका उल्लेखनीय रही। क्विज संचालन की जिम्मेदारी चंदन साहू एवं डॉ. मोना माखीजा ने निभाई। प्रतियोगिता में योगेन्द्र यादव एवं बीना जंघेल ने स्कोरर की भूमिका निभाई और संपूर्ण प्रक्रिया को पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया। क्विज प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप बीएससी समूह-1 यामिनी, अंजली निषाद, पुनम यादव एवं पूर्णेश्वरी ने प्रथम स्थान, एमए समूह दिव्या, यामिनी, दुर्गा एवं तुलसी ने द्वितीय स्थान तथा बीएससी समूह-2 जयंतीका, मिमांसा, खुशबू एवं भानेश्वरी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेता छात्राओं को न केवल महाविद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया, बल्कि उन्होंने अन्य छात्राओं को भी इसी प्रकार शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में रामकुमारी धुर्वा, सानवी पंजवानी एवं स्नेहा उके सहित महाविद्यालय का संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा। तकनीकी सहयोग में धनेश एवं उमेश पनरिया का विशेष योगदान रहा।

# भाजपा का सेवा पखवाड़ा 17 से



**गंडई पंडरिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा ने 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाने की तैयारी तेज कर दी है। इस संबंध में, गंडई भाजपा मंडल ने पंडरिया के मंगल भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में बताया गया कि बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल किया जाएगा ।

बैठक के मुख्य वक्ता, जिला उपाध्यक्ष टीके चंदेल ने कार्यकर्ताओं को 17 दिनों तक चलने वाले इस अभियान की विस्तृत रूपरेखा समझाई। उन्होंने बताया कि इस दौरान मंदिरों की साफ-सफाई जैसे सेवा कार्यों के साथ-साथ केंद्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। चंदेल ने कहा कि वे प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू की गई योजनाओं की जानकारी बूथ स्तर पर जाकर लोगों को दें, ताकि हर नागरिक इन योजनाओं का लाभ उठा सके।

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकर और जिला उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने भी अपने विचार रखे। पूरे कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश मेहता, सांसद प्रतिनिधि राकेश ताम्रकार, जीवन दास रात्रे, तुममन साहू, यतीश कुंजाम, विक्की कुर्रे, धर्मेंद्र पटेल, भीखू हिरवानी, लीला राम साहू, राकेश टंडन, श्रीमती उमा चौबे, श्रीमती अंजली देवांगन, आशा कुर्रे, लेख राम, जितेंद्र पटेल, रोहन ताम्रकार, बलराम साहू, सुखदेव पटेल, कार्तिक मरकाम, लेखराम साहू, भूपेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा के नेता, जनप्रतिनिधि शामिल रहे।

### पुस्तक का विमोचन आज

**डोंगरगांव।** शिवनाथ साहित्य धारा आगामी 14 सितंबर को माँ कर्मा भवन मटिया में 12 वाँ स्थापना उत्सव मनाएगा। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में शिवनाथ साहित्य धारा के अध्यक्ष महेंद्र बघेल की पुस्तक व्यंग्य संग्रह झन्नाटा तुंहर द्वार का विमोचन किया जाएगा।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) खैरागढ
जिला-खैरागढ छुईखदान-गण्डई
रा.प्र.क्र. 202509290100025
अ/2 वर्ष 2024-25

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक परसराम पिता रामलाल लोधी निवासी ग्राम सलौनी तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई द्वारा ग्राम सलौनी स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.न. 120/2 रकबा 0.898 हे. में से रकबा 0.202 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत् बी-1, खसरा, नक्शा, पंजीकृत विक्रय पत्र की प्रति, फोटोग्राफ्स सहित आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वाद भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो वें दिनांक 25/09/2025 को या इसके पूर्व स्वतः अथवा मान्य अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
खैरागढ़ (छ.ग.)

### सेवा पखवाड़ा के दौरान होंगे विविध आयोजन

# तिलई मंडल में सेवा पखवाड़ा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा तिलई मंडल के सेवा पखवाड़ा का कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से शुरूआत होकर राष्ट्रपिता महात्मागांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक चलेगा। जिसमें स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, स्वछता अभियान, एक पेड़ मां के नाम, सांसद खेल महोत्सव, चित्रकला प्रतियोगिता, 25 सितंबर पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रत्येक बूथ पर जयंती कार्यक्रम एवं 2 अक्टूबर को गांधी जयंती वोकल फॉर लोकल और जय जवान जय किसान के नारा का आगाज करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजन किया जाना है।

उक्त कार्यक्रम की जानकारी मुख्य वक्ता राजेंद्र गोलछा जिला भाजपा महामंत्री ने दिया। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, कार्यक्रम के जिला सह-संयोजक जैन कुमार मेश्राम एवं राजेश श्यामकर उपस्थित थे। सभी वक्ताओं ने कार्यक्रम को तय सीमा व शत-प्रतिशत करने आदेशित किया। सभी ने सदन में उपस्थित कार्यकर्ताओं को अपने उद्बोधन मे उत्साहित करते कार्य्रक्रम के महत्व को बताया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति शीला सिन्हा, जनपद उपाध्यक्ष अनिता सिन्हा, मंडल के वरिष्ठ नेता रामकुमार वर्मा, जीडी. वैष्णव, महेश यादव, जागेश्वर साहू, गोपी साहू, दुर्जन देवांगन, दिनेश सिंह ठाकुर, राजेश्वरी साहू, मालिखम कोसरे, जनपद सभापति साकेत वैष्णव, जनपद सदस्य ललिता साहू, मंजू चंदेल, मंडल महामंत्री राकेश साहू, यशवंत वर्मा, उपाध्यक्ष शेखर यदु, टिका साहू, नंदनी सेवता, कोषाध्यक्ष पंकज वर्मा, उमाशंकर, मंत्री ईश्वर साहू, हेमंत लहरे, शशिकला बंजारे, सुनंदा मैथिल क्षत्रिय, मीडिया प्रभारी डिगेंद्र, नोमेश वेर्मा, हरिचंद सिन्हा, मोहन साहू, रवि वर्मा, महेश्वरी साहू, मीरा साहू, अशोक सिन्हा, गुलाब वर्मा, श्यामलाल वर्मा, शारदा सिन्हा, बिसन साहू, जीवन धनकर, पूनम देवांगन, विक्की साहू, संजय साहू, राजकुमार देवांगन, अशोक साहू, संगीता साहू, मीरा साहू, पुनिता साहू, नागेश साहू, गेमन साहू, कमता साहू, डोमार साहू, तुकेश साहू, कमलनारायण वर्मा, सन्नी साहू, दधीबल वर्मा, रवि वर्मा, दुरपति, हीरोंदी वर्मा, संतोष साहू, रामसिंग साहू, लीलाधर साहू, राकेश साहू, नेतराम साहू, हेमन्त साहू, रवि साहू, तारण साहू, कपिल सिंहा, संतोष राजपूत, शिव साहू, कृष्णा यादव, दीपक निषाद, संजय टंडन, ललित साहू, मोंटू साहू, देवकुमारी साहू, तीजू साहू, रोशनी देवांगन, बारेलाल साहू, युधिष्ठिर साहू, कालूराम साहू, हरिकिशन सेन व सभी बूथ अध्यक्ष को पं. दीनदयाल उपाध्यक्ष का फोटोफ्रेम परदेशी सोनबोईर मंडल अध्यक्ष के सौजन्य से वितरण किया गया।

## सार समाचार

### आज एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**राजनांदगांव।** जल, जंगल, जमीन, पेड़, पानी व पालीथिन पर कल 14 सितंबर को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सनसिटी क्लब हाउस में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि राजनांदगांव द्वारा आयोजित किया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के जिला संयोजक मयंक शर्मा, शहर संयोजक निकुंज सिंघल व नगर नारी शक्ति प्रमुख मौसमी शर्मा ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जल, जंगल, जमीन, पेड़, पानी व पॉलिथीन पर पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न आयामों पर अनुभवी वक्ताओं का उद्बोधन विस्तृत चर्चा रहेगी। कल 14 सितंबर को सुबह 10 से संध्या 4 बजे तक एक दिवसीय कार्यशाला सनसिटी क्लब हाउस में आयोजित होगा। कार्यशाला दो सत्र में होंगे। प्रथम सत्र सुबह 10 से दोपहर 01 बजे व द्वितीय सत्र दोपहर 2 से संध्या 4 बजे तक होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे प्रकृति पूजन से होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुज नार्दन दुर्ग जल आयाम प्रमुख होंगे। मनोहरलाल जंघेल पर्यावरण गतिविधि विभाग प्रमुख, ओंकारलाल श्रीवास्तव जैव विविधता पर मार्गदर्शन करेंगे। दोनों प्रतियोगिताओं का शुल्क किसी भी पेड़-पौधे का एक बीज देना होगा। महिलाओं के लिए गमला सजाओ प्रतियोगिता वेस्ट से बेस्ट, गमले घर से सजाकर लाना होगा, 5 वर्ष से ऊपर के बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। चित्रकला सामग्री साथ में लाना होगा। दोनों प्रतियोगिताएं दोपहर 2.30 से 3.30 बजे रहेगा। दोनों प्रतियोगिताओं के विजेताओं को विशेष आकर्षक पुरस्कार पर्यावरण संरक्षण गतिविधि राजनांदगांव द्वारा प्रदान किए जाएंगे।

### बाइक में ले जा रहे थे गांजा, पुलिस ने पकड़ा

**खैरागढ़।** जिले में अवैध रूप से शराब एवं नशीले पदार्थों की बिक्री करने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत बाइक में अवैध रूप से गांजा ले जा रहे दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार जिला केसीजी पुलिस द्वारा नशे के विरूद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 12 सितंबर को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग अवैध रूप से गांजा परिवहन कर रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध थाना खैरागढ़ में धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा खैरागढ़–पिपरिया बायपास रोड के पास रेड की गई, जहां दो आरोपी योगेश तामशकर 29 वर्ष ग्राम ठाकुरटोला थाना सोमनी एवं हिमांशु देशलहरे 19 वर्ष मोहंदी थाना भिलाई को पकड़कर उनके कब्जे से 8 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती लगभग 85 हजार रुपए एवं परिवहन हेतु प्रयुक्त बाइक व मोबाइल फोन को जब्त किया गया है।

### प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति पर वर्कशॉप आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन में रसायन शास्त्र



विभाग द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला "हीलिंग हर्ब्सः ए प्रैक्टिकल वर्कशॉप ऑन नेचुरल वेलनेस" विषय पर आयोजित की जा रही है। प्राकृतिक औषधियों एवं आयुर्वेद के महत्व पर केंद्रित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंच संचालन वंदना मिश्रा, डॉ. प्रियंका सिंह, लिकेश्वर सिन्हा द्वारा किया गया। विभिन्न सत्रों में विशेषज्ञ वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए। दूसरे दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ तकनीकी सत्र–III से हुआ। डॉ. भावना जैन रायपुर ने "भस्म टू नैनोमेडिसिनः ब्रिजिंग ट्रेडिशनल विज़डम विद मॉडर्न साइंस" विषय पर व्याख्यान दिया। वैद्य शेखूराम वर्मा ने "हड्डी जोड़ने हेतु आयुर्वेदिक उपाय एवं टेपिंग तकनीक" पर उपयोगी जानकारी दी। कार्यक्रम में विशेषज्ञों एवं विद्यार्थियों ने विभिन्न हर्बल उत्पादों का प्रदर्शन किया तथा उनके उपयोग एवं लाभों की विस्तृत जानकारी दी। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपने-अपने हर्बल उत्पाद प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल द्वारा उत्पादों के उपयोग, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, प्रस्तुतीकरण एवं प्रभावशीलता के आधार पर मूल्यांकन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम अनुष्का सिंह, द्वितीय विशाल बघेल, शुभम कुमार एवं रेणुका एक्का तथा तृतीय स्थान डॉ. अंकिता गुप्ता व जयंश्री साहू रही।

### डीपीएस की बालिका टीम ने जीता स्वर्ण पदक

**राजनांदगांव।** दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका बास्केटबॉल टीम ने महेंद्रगढ़ में 9 से 13 सितंबर तक आयोजित सीबीएसई



नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। फायनल में दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की टीम ने गुरूनानक पब्लिक स्कूल चंडीगढ़ को 83-46 पाईंट से परास्त किया। उक्ताशय की जानकारी देते दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की प्राचार्य निर्मला सिंह ने बताया कि दिल्ली पब्लिक स्कूल पिछले कई वर्षों से इस प्रतियोगिता की विजेता टीम है। अपने पहले लीग मैच में गुरूनानक मिशन स्कूल पोंटा साहिब हिमाचल प्रदेश की टीम को 21-07 अंकों से, दूसरे लीग मैच में दिल्ली पब्लिक स्कूल हैदराबाद को 30-17 अंकों से परास्त किया कर एवं तीसरे लीग मैच में ज्ञानोदय इंटरनेशनल स्कूल निमच को 47-20 अंकों से परास्त कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की टीम ने डीएवी लुधियाना को 37-7 अंकों से सेमीफाइनल में, एपेक्स स्कूल दिल्ली को 61-34 अंकों से परास्त कर फायनल में पहुंची। फायनल में दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की टीम ने गुरूनानक स्कूल चंडीगढ़ को 83-46 से परास्त कर स्वर्ण पदक जीता। दिल्ली पब्लिक स्कूल इस प्रतियोगिता की विजेता टीम स्कूल गेम्स फेडरेशन के नेशनल में सीधे भाग लेगी।

### अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना में छात्र वासु का चयन

**डिलापहरी।** गुरुकुल पब्लिक स्कूल डिलापहरी के छात्र वासु साहू पिता



चेतन साहू का चयन कक्षा 6वीं में अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना अंतर्गत संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल मे हुआ है । छात्र का कक्षा 5 में 92 प्रतिशत है, तथा नवोदय एग्जाम में भी उत्कृष्ट परिणाम रहा। इस योजना से जिले में केवल 8 छात्रों का चयन हुआ है। छात्र वासू के चयन परिजनों सहित चीत -परिचितों में हर्ष का माहौल है।

### अशोका आईटीआई में 17 तक प्रवेश

**राजनांदगांव।** अशोका आईटीआई में अंतिम चरण में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। विदित हो कि प्रदेश में विभिन्न निजी आईटीआई में प्रवेश की अंतिम तिथि 17 सितंबर निर्धारित की गई है। स्थानीय अशोका आईटीआई में संचालित कोर्स कोपा, स्टेनो तथा इलेक्ट्रीशियन में रिक्त सीटों पर प्रवेश जारी है। उल्लेखनीय है कि अशोका प्राइवेट आईटीआई में कोपा एवं स्टेनो कोर्स में विशेष छूट होने के कारण छात्र-छात्राओं के मध्य उत्साह देखा जा रहा है, जिन छात्र-छात्राओं को अभी तक प्रवेश नहीं मिला है, वे तत्काल महाविद्यालय में संपर्क कर प्रवेश ले सकते हैं। उपरोक्त सभी कोर्सों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास हैं। ज्ञातव्य हो कि अशोका प्राइवेट आईटीआई में संचालित कोर्सों के अतिरिक्त केन्द्र सरकार के स्किल डेवलपमेन्ट प्रोग्राम के अंतर्गत संचालित विभिन्न समयावधि के रोजगारोन्मुखी कोर्स जो पूर्णतः निःशुल्क होते हैं, जिसका संचालन भी महाविद्यालय परिसर में किया जाता है। छात्र-छात्राएं लाभ उठा सकते हैं।

## पीड़ित परिवार को 20 लाख रुपए का मुआवजा देने की मांग

# विस में उठेगा नवागांव चाकूबाजी का मामला पीड़ित परिवार से मिली कांग्रेस जांच समिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के बजरंगपुर-नवागांव वार्ड में चाकूबाजी की वारदात में तीन लोगों की मौत के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने इस मामले में चार विधायक, एक पूर्व विधायक सहित आठ सदस्यी टीम बनाई है। कांग्रेस की जांच टीम ने आज मृतक के परिजनों से उनके निवास पहुंचकर मुलाकात की और वस्तुस्थिति से अवगत हुए।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं विधायक धनेंद्र साहू के संयोजन में बनाई गई इस कमेटी में विधायक दलेश्वर साहू, भोलाराम साहू, हर्षित स्वामी बघेल, पूर्व विधायक अरूण वोरा, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री शाहिद खान, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू शामिल हैं। कांग्रेस की इस जांच कमेटी ने नवागांव पहुंचकर मृतक राकेश ढीमर, किशन राजपूत और बजरंगपुर में मृतक सचिन मानिकपुरी के परिजनों से घटना को लेकर जानकारी ली। इस दौरान पीड़ित परिवारों ने कांग्रेस प्रतिनिधियों के सामने अपनी पीड़ा व्यक्त की।





### न्याय दिलाने दिया भरोसा

कांग्रेस जांच कमेटी के संयोजक धनेन्द्र साहू ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिया है। उन्होंने मृतक के परिजनों से इस मामले को विधानसभा में उठाने की बात कही है और कहा कि राज्यपाल से मुलाकात कर शिकायत भी करेंगे। कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने तीनों ही परिवार के लोगों को कांग्रेस द्वारा पूरी मदद का आश्वासन दिया है। वहीं घटना को लेकर अपनी संवेदना व्यक्त की है।

### पीड़ित परिवार से ली जानकारी

जांच कमेटी के संयोजक विधायक धनेंद्र साहू ने कहा कि पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर पूरी जानकारी ली गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराध बढ़ गया है। शासन-प्रशासन अपराधियों को मौन संरक्षण दे रहा है। इस मामले में रिपोर्ट के बाद भी पुलिस ने तत्काल कार्रवाई नहीं की, अगर पुलिस ने कार्रवाई की होती तो दो लोगों की जान नहीं जाती । उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष और गृहमंत्री के प्रभार जिले में कानून व्यवस्था नहीं बची है। उन्होंने मृतकों के परिवार के लिए 20-20 लाख रुपए की सहायता राशि और सभी परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी विभाग में पक्की नौकरी देने की मांग की है।

### समय रहते नहीं पहुंची पुलिस

किशन राजपूत के परिजनों ने कांग्रेस जांच कमेटी को बताया कि वारदात वाले दिन डायल 112 में कई बार फोन किया गया, पुलिस चौकी चिखली में भी सूचना दी गई, पर पुलिस नहीं आई, जब उन लोगों ने हत्या कर दी, इसके बाद पुलिस पहुंची। पीड़ितों ने बताया कि आरोपी चाकू-तलवार रखे हुए थे और उनकी कार में भी हथियार थे। सब आरोपी नशे में थे। पीड़ित परिवारों में कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल के सामने अपनी मांग रखी है कि परिवार में शासकीय नौकरी दी जाए। वहीं कोई भी वकील इन अपराधियों का केस नहीं लड़े। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पूरी पार्टी पीड़ित परिवार के साथ हमेशा खड़ी रहेगी। उन्होने इस मामले में भाजपा सरकार पर आरोप भी लगाए।

### 22 को मनाई जाएगी भगवान अग्रसेन जयंती

**राजनांदगांव।** अग्रकुल प्रवर्तक भगवान श्री अग्रसेन की 5149वीं



जयंती 22 सितंबर को परंपरागत श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ मनाई जाएगी।

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, सचिव आलोक बिंदल व कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने बताया कि एक सप्ताह तक चलने वाले जयंती महोत्सव को लेकर स्थानीय अग्रवाल समाज द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है। आगामी 15 सितंबर को अग्रसेन भवन में ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ होगा।

#### सम्मान समारोह का होगा आयोजन

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी मनोहरलाल बिंदल होंगे। मुख्य समारोह आगामी 22 सितंबर को होगा। जिसके मुख्य अतिथि महेश रामरतनदास भारुका समाजसेवी कामठी होंगे। समारोह की अध्यक्षता उर्मिला गौरीशंकर अग्रवाल समाजसेविका नागपुर करेंगी। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान, विवाह की स्वर्ण जयंती सम्मान, तथा मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा।

## सौर ऊर्जा के क्षेत्र में जयेश को मिला बेस्ट इंस्टॉलेशन अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत सोलर की उच्च क्वालिटी के साथ बेस्ट इंस्टॉलेशन अवार्ड मिलने पर शहर के व्यापारियों ने हर्ष व्यक्त करते राजनांदगांव के संस्थान स्वास्तिक सोलर के प्रबंधक जयेश परमार को सम्मानित किया।



चेम्बर ऑफ कॉमर्स के जिलाध्यक्ष कमलेश बैद ने बताया कि विगत दिनों मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर में जयेश परमार को सम्मानित किया था।

उन्होंने कहा कि आज अपने घर में बिजली बनाकर सरकार को बिजली बेचने की महत्वकांक्षी योजना के अंतर्गत प्रत्येक परिवार अपने घर में सोलर प्लांट लगा रहे हैं। इस कड़ी में जयेश परमार ने विगत 10 वर्षों से सोलर में अपनी बेहतरीन विश्वसनीयता के साथ काम किया, इसलिए उनका चयन प्रदेश में दूसरे स्थान पर किया गया है।

चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश संरक्षक खूबचंद पारख, चेंबर के वरिष्ठ सलाहकार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद डड्ढा, राजा माखीजा, भीमन धनवानी, प्रदेश मंत्री तरूण लहरवानी, अमर लालवानी, चेंबर के महामंत्री अरुण डुलानी, कोषाध्यक्ष शिव अग्रवाल, राजकुमार बाफना, हरीश मोटलानी, रानू जैन, महेंद्र बैद, कुणाल शर्मा, नलिन कोठारी, विजय कांकरिया, जितेश पटेल सहित सभी पदाधिकारियों ने जयेश परमार की इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं देते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### शिक्षकों का सम्मान



**राजनांदगांव।** श्रीराम शिक्षा महाविद्यालय राजनांदगांव में 13 सितंबर को शिक्षक दिवस के परिप्रेक्ष्य में प्राचार्य तुकेश वर्मा द्वारा सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन पश्चात शिक्षा संकाय के शिक्षकों का स्मृति चिन्ह एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य श्री वर्मा ने शिक्षकों को शुभकामनाएं देते उनसे संस्थान में अध्ययनरत स्टूडेंट्स के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करने का अनुरोध किया।

कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक पेमीता साहू व अंत में महाविद्यालय आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ प्रभारी आभारानी साव द्वारा आभार व्यक्त करते कार्यक्रम का समापन किया गया।

## शराब तस्करों, कोचियों के खिलाफ ताबड़तोड़ अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- दो दिन में 32 प्रकरण में 32 आरोपियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई

जिले में पुलिस द्वारा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की बिक्री के खिलाफ धरपकड़ अभियान तेज कर दिया गया है। जिसके तहत दो दिनों में अवैध शराब के कुल 32 प्रकरणों में 541 पौवा शराब बरामद कर 32 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के पर्यवेक्षण में समस्त थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया था कि एक युद्ध नशे के विरूद्ध अभियान के तहत अवैध शराब तस्करी पर कार्रवाई करें।

### अभियान जारी रहेगा

धारा 36(च) आबकारी एक्ट के तहत थाना छुरिया एवं ओपी तुमड़ीबोड़ द्वारा 3 प्रकरण में 3 आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई किया गया। धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत थाना कोतवाली, लालबाग, गैंदाटोला, डोंगरगांव, ओपी तुमड़ीबोड़, मोहारा, चिखली द्वारा 12 प्रकरण में 12 आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की गई। विगत 2 दिनों में अवैध शराब के कुल 32 प्रकरणों में 32 आरोपियों के विरूद्ध अवैध शराब के प्रकरण में 541 पौवा अवैध शराब कीमती 43,235 रुपए एवं बिक्री रकम 7570 रुपए जब्त कर आरोपियों को जेल भेजा गया। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### विभिन्न थाना क्षेत्र में कार्रवाई

जिसके परिपालन में विगत 2 दिनों से राजनांदगांव पुलिस द्वारा ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। अजमानतीय 34(2) आबकारी एक्ट के तहत थाना डोंगरगढ़, कोतवाली, बसंतपुर एवं ओपी चिखली द्वारा 8 प्रकरण में 8 आरोपियों के पास से 371 पौवा शराब कीमती 42100 रुपए एवं बिक्री रकम 1450 रुपए जब्त किया गया। जमानतीय 34(1) आबकारी एक्ट के तहत थाना डोंगरगढ़, डोंगरगांव, कोतवाली, लालबाग, ओपी चिखली, चिचोला द्वारा 9 प्रकरण में 9 आरोपियों के पास से 170 पौवा शराब कीमती 11350 रुपए एवं बिक्री रकम 6120 रुपए जब्त किया गया।

## दबंगों से प्रताड़ित परिवार ने किया आत्महत्या का प्रयास

**मोहला।** मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के ग्राम पांगरी गांव में लगातार हो रहे प्रताड़ना से तंग आकर एक पीड़ित परिवार की तीन महिलाएं और दो मासूम छात्रा आज शाम 5 बजे के लगभग थाना परिसर में पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने का प्रयास किया। लगातार गांव के दबंगों से तंग आकर अंबागढ़ चौकी थाना पहुंची निर्मलाबाई साहू पति चुन्नीलाल साहू उम्र 52 वर्ष, कुमारी केसरिया साहू पिता चुन्नीलाल उम्र 21 वर्ष, तानेश्वरी साहू पति स्व. सुरेन्द्र साहू उम्र 29 वर्ष, नाती प्राची साहू 8 वर्ष, हुमांशी साहू 7 वर्ष ने शनिवार को अंबागढ़ चौकी परिसर मे पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया, जिसे अंबागढ़ चौकी पुलिस तथा स्थानीय पत्रकारों की तत्परता से जान बचाई गई। परिवार का आरोप है कि गांव के दबंगों ने उनकी निजी जमीन पर बने दुकान को जबरन बंद करवा दिया है। इतना ही नहीं पूरे परिवार का सामाजिक बहिष्कार कर हुक्का-पानी तक बंद कर दिया गया है। शिकायत दर्ज कराने के बाद भी पुलिस ने इस मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। घटना के सामने आने के बाद एसपी वाईपी सिंह ने तत्काल मामले को संज्ञान में लेते हुए एसडीओपी दीवान को अंबागढ़ चौकी थाना रवाना करते हुए संपूर्ण मामले में कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

## पार्षदों ने आयुक्त के सामने रखी समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम आयुक्त से मुलाकात कर कांग्रेस के पूर्व और वर्तमान पार्षदों ने अपनी समस्याओं को रखा है।

नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले और कांग्रेस के राष्ट्रीय युवा सचिव निखिल द्विवेदी के नेतृत्व में लगभग एक दर्जन पूर्व और वर्तमान पार्षदों ने आयुक्त से मुलाकात की और पूर्व पार्षदों के लगभग एक वर्ष का बकाया मानदेय और विभिन्न समस्याओं पर बात रखी। पार्षदों ने कहा कि शहर के कई क्षेत्रों में अंधेरा होने के कारण असामाजिक तत्वों का डेरा रहता है, जहां बंद स्ट्रीट लाईटों को सुधारकर चालू किया



जाए। वहीं शहर के वार्डों में निराश्रितों के लिए राशि आवंटन हेतु शिविर पुनः प्रारंभ किया जाए। नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने कहा कि शहर में नवनिर्मित सड़कें बदहाल हो गई है। जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं । शहर के भीतरी और आउटर क्षेत्र की सड़कें दो माह नहीं हुए और खस्ताहाल हो गई है।

### गंदे पानी की शिकायत

शहर के कई क्षेत्र में गंदे पानी आने की शिकायत मिल रही है। आयुक्त से फिल्टर प्लांट में इस्तेमाल में लाए जाने वाले एलम की समय-समय पर जांच सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

### पूर्व पार्षदों का मानदेय बकाया

आयुक्त से मुलाकात के दौरान पूर्व पार्षदों ने कहा कि पिछले कार्यकाल का मानदेय अब तक नहीं मिला है। वहीं सफाईकर्मी सहित पिछले कार्यकाल के महिला समूहों को आठ माह की राशि बकाया है।




## पर्यावरण के प्रति सजग होने की जरूरतः मिश्रा

# चुनौतियों को धता बताकर विजयी होगा देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के मौके पर भारतीय मजदूर संघ जिला राजनांदगांव की ओर से ग्राम उरईडबरी में वृक्षारोपण व पर्यावरण जन-जागरण अभियान का आयोजन रखा गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण को लेकर समूचा संसार सजग है। विश्व में पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य हो रहा है। इसी क्रम में भारतीय मजदूर संघ ने भी 28 अगस्त को राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस घोषित कर पर्यावरण के प्रति लोगों को सजग कर रहा है। इसी वजह से इस ग्राम में भी यह आयोजन हो रहा है।

श्री मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता से ही हम भावी पीढ़ी के जीवन को संवार सकते हैं। वृक्ष लगाना और उसका पोषण करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने देश के समक्ष वर्तमान चुनौतियों पर विचार व्यक्त करते कहा कि देश के सामने वर्तमान में आई चुनौतियां समय के साथ समाप्त हो जाएगी। भारत विश्व की सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। भारत की ऐतिहासिक प्रगति कतिपय स्वनामधन्य देशों को रास नहीं आ रही है और वह देश की प्रगति में टैरिफ का रोड़ा अटका रहे हैं, पर वे यह भूल जाते हैं कि भारत में देशभक्ति चरम पर होती है। राष्ट्र पर आए संकट से निपटने भारतवासी हमेशा विपरीत परिस्थितियों में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहते हैं।

श्री मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वदेशी मंत्र को वर्तमान संकट का समाधान बताते कहा कि हम सब देश में बनी वस्तुओं का उपभोग करने लगे तो वर्तमान संकट निर्मूल साबित हो जाएगा। यही कारण है कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों को स्वदेशी का मंत्र दिया है।समारोह में आम, आंवला, नीम, सीताफल और मुनगा के दर्जनों पेड़ लगाए गए तथा ग्रामवासियों ने इनके संरक्षण का संकल्प लिया। समारोह में सरपंच प्रीतम मारकण्डे विशेष अतिथि के तौर पर शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने किया।



## अनदेखी : ग्रामीण रोज हादसों से जूझ रहे, बढ़ी परेशानियां

# ग्राम कुई की सड़क बनी जानलेवा अधिकारी-ठेकेदार रामभरोसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुई कुकदूर

ग्राम कुई के शनि मंदिर के सामने नेऊर-बदना मार्ग पर पुलिया के पास सड़क इतनी जर्जर हो गई है कि मानो यह कोई सड़क नहीं बल्कि मौत का गड्ढा हो। बरसात का पानी भरते ही यह गड्ढा दुर्घटनाओं का न्यौता देता है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि इसी रास्ते पर पंचायत भवन, पटवारी कार्यालय, आंगनबाड़ी और शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला है, जहां रोज छोटे-छोटे बच्चे और बुजुर्गों को अपनी जान जोखिम में डालकर गुजरना पड़ता है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी इस सड़क की दुर्दशा देखकर लगता है कि योजना का पैसा सड़क पर नहीं, कहीं और ही पिच कर दिया गया। ठेकेदार बेफिक्र है, अधिकारी-कर्मचारी आंख मूंदे बैठे हैं और ग्रामीण रोज हादसों से जूझ रहे हैं। इसके पहले भी इस सड़क की हालत पर समाचार प्रकाशित हो चुका है, लेकिन शायद जिम्मेदारों तक खबर पहुंची ही नहीं या फिर पहुंच गई तो उन्होंने गड्ढे में डाल दी गई है। बताया जाता है कि ग्राम कुई अटल चौक से बाजार तक सड़क जगह-जगह गड्ढों से पटी हुई है। यही नहीं यह मार्ग सुंदूर पहाड़ी अंचल के लगभग 50 गांवों को जोड़ता है। ओवरलोड ट्रक और भारी वाहनों ने सड़क को और तबाह कर दिया है, लेकिन रोकथाम के लिए कोई आगे नहीं आता। जिस पर ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं हुई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। सवाल यह है कि क्या प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है?

### बरसात ने बिगाड़ा हालात, लोगों की आवाजाही बाधित



बरसात के चलते इस मार्ग की हालत और भी बदतर हो गई है। सड़क कीचड़मय और दलदल में तब्दील हो चुकी है। दोपहिया वाहनों के पहिए कीचड़ में धंस रहे हैं, जिससे वाहन चालकों को गाड़ी छोड़कर पैदल ही घर लौटना पड़ रहा है। कई जगह जलभराव हो गया है और पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क अब पगडंडी जैसी हो गई है, लेकिन जिम्मेदार बेपरवाह नजर आ रही है।

### ग्रामीणों ने तत्काल सड़क मरम्मत कार्य की मांग की

ग्रामीणों ने शासन और प्रशासन से मांग की है कि तुरंत सड़क की मरम्मत कराई जाए, ताकि यातायात सुगम हो सकें साथ ही साथ बरसात के मौसम में होने वाली परेशानियां भी दूर हो सकें। वहीं स्थानीय प्रशासन की चुप्पी पर सवाल उठ रहे है।



# जिले के शिक्षक व प्रधान पाठक उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित

■ यह पुरस्कार हमारे विद्यार्थियों के हित में किए नवाचार उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण के तहत कबीरधाम जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगपुर कला के व्याख्याता सीपी चंद्रवंशी शिक्षा श्री से तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नानापुरी के बसंत डोरे उत्कृष्ट प्राचार्य से तथा ज्ञानदीप पुरस्कार से माध्यमिक शाला सोनबरसा के प्रधान पाठक दुर्योधन चंद्रवंशी, माध्यमिक शाला चन्दैनी के प्रधान पाठक रामाधार मंडावी, माध्यमिक शाला बाघामुड़ा की प्रधान पाठिका श्रीमती मंजू चंद्राकर, माध्यमिक शाला लोहझरी के प्रधान पाठक संतोष कुमार चंद्रवंशी तथा शिक्षा दूत पुरस्कार से प्राथमिक शाला पीएम श्री शंकर नगर कवर्धा के प्रधान पाठक दुर्गेश पांडेय, प्राथमिक शाला बनिया के प्रधान पाठक योगेश ध्रुव, प्राथमिक शाला झींगरा-डोंगरी के प्रधान पाठक धीराजीराम साहू, प्राथमिक शाला जरहानवागांव के प्रधान पाठक अनूप कुमार गुप्ता छत्तीसगढ़ राज्य के शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, दुर्ग सांसद विजय बघेल के कर कमलों से 12 सितम्बर को सम्मानित हुए। शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने एवं बहुमुखी प्रतिभा के धनी शिक्षकों को सम्मानित करते हुए शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव बहुत प्रसन्न नजर आए।

सभी शिक्षक एवं शिक्षिका भी पुरस्कार प्राप्त कर इसे अविस्मरणीय बताया तथा कहा कि यह पुरस्कार हमारे विद्यार्थियों के हित में किए नवाचार उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम, समुदाय के लोगों को शाला से जोड़कर विद्यालय की भौतिक संसाधनों में विस्तार करने एवं विविध क्षेत्रों में बहुमूल्य योगदान के कारण मिला है।

## खबर संक्षेप

### पंडरिया में आरटीई मैपिंग के संदर्भ में नोडल प्राचार्यो का बैठक संपन्न

**हरिभूमि कोलेगांव।** पंडरिया विकासखंड के नोडल प्राचार्य आरटीई का बैठक शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंडरिया में



विकासखंड स्तरीय बसाहट की मैपिंग संबंधी प्राप्त अभ्यावेदनों का निराकरण हेतु आयोजित किया गया। उक्त बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी पंडरिया एमके गुप्ता, जिला सहायक नोडल अधिकारी सतीश यदु, एबीईओ दीपक ठाकुर, कन्या शाला प्राचार्य श्रीमती एक्का मेडम और प्रशिक्षक संजय वैष्णव उपस्थित थें। जिला सहायक नोडल अधिकारी सतीश यदु ने बताया कि निःशुल्क तथा अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2019 की धारा 12 (1) (ग) के तहत जिले के निजी विद्यालयों के समीपस्थ बसाहट को मैपिंग उपरांत नोडल प्राचार्य को प्राप्त अभ्यावेदनों का विकासखंड स्तर पर बैठक हेतु राज्य कार्यालय द्वारा समय सारिणी एवं विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किया गया। पंडरिया विकासखंड शिक्षा अधिकारी एमके गुप्ता ने बताया कि बसाहट सीमा आशय प्राथमिक शाला के संदर्भ में बसाहट 1 किलोमीटर के भीतर स्थित विद्यालय तथा पूर्व माध्यमिक शाला के संदर्भ में 3 किलोमीटर की परिधि के भीतर स्थित विद्यालय से होगा। उक्त बैठक में पंडरिया ब्लॉक के सभी स्कूलों के नोडल प्राचार्य उपस्थित थें।

### प्राथमिक शाला मक्के में हिंदी दिवस मनाया गया



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला मक्के में हिंदी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें छात्र छात्राओं द्वारा शानदार व मनमोहक सुंदर चित्र कार्ड और अक्षर पेड़ के माध्यम से हिंदी दिवस को मनाया। जिसमें प्रधान पाठक श्रीमती एलवीना विलसन ने सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए हिंदी भाषा को राष्ट्र की विविध भाषाओं के बीच एकता का प्रतीक भी माना जाता है। उन्होने विद्यार्थियों को हिंदी कें महत्व बताया जिसमें ग्राम पटेल कुमार साहू, प्रधान पाठक एलवीना विलसन, कपूरराम चन्द्रवंशी, शिक्षक कौशल प्रसाद, युगल किशोर साहू, नंदकिशोर साहू, महारानी साहू, शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष दुखिया साहू, उपाध्यक्ष तुलेश्वरी साहू, सदस्यगण व बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

**न्यायालय तहसीलदार कुण्डा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

दिनांक 01/09/2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण ग्राम मोहगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक जितेन्द्र टण्डन आ. श्री राधेश्याम जाति सतनामी निवासी ग्राम मोहगांव तहसील कुण्डा जिला कबीरधाम छ.ग. के द्वारा अपने पुत्र पुस्पेन्द्र टण्डन/जितेन्द्र टण्डन की जन्म/मृत्यु दिनांक 28/12/2011 को ग्राम मोहगांव में हुआ है। जिसका जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किए जाने संबंधी आवेदन पत्र के साथ चालान की प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 15/09/25 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं अपने अभिभावक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार के दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/09/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया।

मुहर

कार्यपालिक दण्डाधिकारी कुण्डा,
जिला कबीरधाम (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार कुण्डा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

दिनांक 01/09/2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण ग्राम मोहगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक जितेन्द्र आ. श्री राधेश्याम जाति सतनामी निवासी ग्राम मोहगांव तहसील कुण्डा जिला कबीरधाम छ.ग. के द्वारा अपने पुत्री पिंकी/जितेन्द्र की जन्म/मृत्यु दिनांक 02/02/2009 को ग्राम मोहगांव में हुआ है। जिसका जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किए जाने संबंधी आवेदन पत्र के साथ चालान की प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 15/09/25 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं अपने अभिभावक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार के दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/09/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया।

मुहर

कार्यपालिक दण्डाधिकारी कुण्डा,
जिला कबीरधाम (छ.ग.)

# शक्कर कारखाना में स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ डीके तुर्रे के आदेशानुसार जिला कार्यक्रम प्रबंधक के मार्गदर्शन तथा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ पुरुषोत्तम राजपूत के नेतृत्व में रजत जयंती वर्ष महोत्सव अंतर्गत भोरमदेव शक्कर कारखाना राम्हेपुर कला-बोड़ला में भव्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में शक्कर कारखाने में कार्यरत श्रमिकों एवं कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में कुल 242 मरीजों का पंजीयन कर परामर्श दिया गया। इनमें नेत्र जांच 45, प्रयोगशाला जांच 101, रक्तचाप जांच 242, शुगर जांच 218, क्षय रोग संदिग्ध 10, एचआईवी जांच 95, हीमोग्लोबिन जांच 76, सिकलसेल जांच 75 तथा मलेरिया जांच 75 मरीजों का किया गया। साथ ही 22 लोगों का मानसिक स्वास्थ्य परामर्श भी दिया गया। शिविर में बोड़ला के चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकुल राजपूत, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अर्पिता पटेल (कवर्धा), पर्यवेक्षक मानिक चंद्रवंशी, प्रयोगशाला तकनीशियन विनोद चंद्रवंशी एवं छत्रपाल ठाकुर, नेत्र सहायक अधिकारी भीष्म कोसले एवं अश्विन शर्मा, आहार प्रदर्शनकर्ता सुश्री अंजू साहू, नैदानिक मनोवैज्ञानिक मंजू वर्मा (कवर्धा), आरएचओ बलराम वारते (राम्हेपुर), आरएचओ राजेंद्र वर्मा (पोंड़ी) एवं मोबाइल चिकित्सा इकाई टीम कवर्धा ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। शिविर के सफल आयोजन से कारखाने के श्रमिकों एवं स्थानीय ग्रामीणों ने संतोष व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य विभाग का आभार जताया।



### पदस्थापना के चार वर्ष पूर्ण होने पर पौधारोपण व न्योता भोज आयोजित



**हरिभूमि पंडरिया।** ब्लॉक के प्राथमिक शाला डोमसरा में पदस्थ शिक्षिका गिरिजा पटेल ने शिक्षिका पद पर पदस्थापना के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को विद्यालय में पौधरोपण कर न्यौता भोज कराया। उन्होंने स्कूल परिषर स्टॉप, ग्रामीणों व छात्र छात्राओं के साथ बॉटल पाम का एक रोपित कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इस दौरान संकुल प्रभारी धीरज देवांगन, समन्वयक ईश्वर तिवारी, प्रधान पाठक कुमुदिनी तिवारी, मोहन राजपूत, विश्वलता मानिकपुरी, आभा बघेल, प्रवीण तिवारी, यशवंत पाठक, शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष घांसी पटेल, सरपंच प्रतिनिधि संतोष सोयाम, रमेश जायसवाल, पूर्व सरपंच अनिल पटेल, दुर्जन चन्द्राकर, डिगेश्वर पटेल, जंतु पटेल व रामकिशोर सिंह स्कूली बच्चे व कर्मचारी उपस्थित थे। पौधरोपण के पश्चात प्राथमिक व माध्यमिक शाला के बच्चों के लिए न्यौता भोज का आयोजन किया गया। बच्चों को इस दौरान चांवल, दाल-सब्जी, खीर-पूड़ी व मीठा खिलाया गया। संकुल समन्वयक ईश्वर तिवारी ने बताया कि न्यौता भोज शासन की महत्वपूर्ण योजना है। जिसमें विशेष अवसरों जन्मदिन, विवाह के वर्षगांव सहित हर-यादगार दिवस पर बच्चों को भोजन करवा सकते है, जिससे गांव तथा विद्यालय में सामुदायिक भावना का विकास होता है।

### स्वच्छता अभियान के तहत किया जागरूक



**हरिभूमि कोलेगांव।** हमर भोरमदेव कला सेवा कल्याण समिति कबीरधाम के संस्थापक एवं संयोजक एवं हरदिहा मरार (पटेल) समाज महासभा मुंगेलीराज महासचिव राजेंद्र पटेल के नेतृत्व में जिले के विकासखण्ड कवर्धा क्षेत्र के शासकीय हाई स्कूल सुखाताल में विद्यार्थियों को स्वच्छता सम्बंधित विभिन्न जानकारी दिया और स्वास्थ सम्बंधित घरेलू नुस्खे के बारे में जानकारी दिया गया। श्रीर चंद्रसेन ने विद्यार्थियों को बताया कि यदि हम अपने जीवन को अच्छे से जीवन व्यतीत करना चाहते हैं तथा निरोग रखना चाहते हैं तो अपने शरीर को स्वच्छ एवं स्वस्थ रखना अतिआवश्यक है। स्वच्छ हमारे आसपास में गंदगी है उसको साफ-सफाई करते रहना चाहिए जैसे कि गली-मोहल्ले, चौक-चौराहों की सफाई करते रहना चाहिए। यदि हम साफ-सफाई नहीं करेंगे तो बीमारी या रोग का प्रभाव सिर्फ हम पर नहीं अपितु कई जीव-जंतु, पेड़-पौधे, मिट्टी व वायु तथा जल पर भी अपना प्रभाव डालते हैं। साथ ही साथ विद्यार्थियों को यातायात सम्बंधित जानकारियां दी गई। जिसमें सड़क पर पैदल या साइकिल से जा रहे हैं तो अपने साइड पर चले तथा क्रमबद्ध तरीके से रोड पर चलना चाहिए इससे आप भी सुरक्षित रहेंगे और यात्रीगण भी सुरक्षित रहेंगे। उन्होने सरल और सहज से ध्वनि प्रदूषण, वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण के कारण व नियंत्रण के बारे में विद्यार्थियों को बताया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य रामाश्रय शर्मा, व्याख्याता शिक्षक कुमार राम साहू, शिक्षक यदुनाथ सिंह राठौर, साधराम भारती, संजीव कुमार वर्मा, देवेंद्र कुमार पाण्डेय, सुरेश कुमार चंद्रवंशी, शिक्षिका श्रीमती डुकेश्वरी देवांगन व बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# रूसे स्कूल के 34 बालिकाओं को सायकिल वितरित की गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुसे में कक्षा 9वी के बालिकाओं को शाला विकास समिति के अध्यक्ष गीताराम साहू की उपस्थिति में सायकिल वितरण किया गया। जिसमें लाभान्वित 34 छात्राओं को सायकिल प्रदान किया गया। जिस पर श्री साहू ने कहा यह छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, उन्होने कहा की शिक्षा को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए यह योजना महत्वपूर्ण है, बालिकाओं को विद्यालय आने जाने में सुविधा होगी साथ ही साथ पढ़ाई लिखाई की निरंतरता बनी रहेगी। वहीं हीं सायकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठें। इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर ने कहा यह बालिकाओं के लिए स्कूल आने में परेशानी को कम करने वाली योजना है छात्राओं को इससे विद्यालय आने में सुविधा होगी। इस साइकिल वितरण समारोह में विद्यालय के व्याख्यातागण, शिक्षक शिक्षिकाएं व गणमान्य नागरिक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### पीजी कॉलेज कवर्धा में जॉब फेयर सेमिनार आयोजित

**हरिभूमि कवर्धा।** पीजी कॉलेज कवर्धा में रजत जयंती समारोह पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ ऋचा मिश्रा के निर्देशन में छत्तीसगढ़ रजत जयंती समारोह के 25 वे वर्ष पूर्ण हो जाने पर शुक्रवार को महाविद्यालय में जॉब फेयर विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप रूपेश गुप्ता डायरेक्टर प्रिज्म कॉलेज भिलाई उपस्थित रहे इन्होंने छात्राओं को बताया नौकरी ही केवल पैसा कमाने का साधन नहीं, आप एक अच्छा व्यवसाय कर के भी अपनी जरूरतों को पूरा किया जा सकता है, उसके लिए रिक्स लेना होगा तभी सफलता प्राप्त होगी। लाइवलीहुड कॉलेज से रूपेश चंद्रवंशी उपस्थित रहे उन्होंने छात्र छात्राओं को किस प्रकार व्यवसाय करे क्या व्यवसाय कर और कैसे करे उसके प्रशिक्षण की जानकारी प्रदान की। जिला पंचायत ऑपरेटर श्री सिन्हा उपस्थित रहे। उन्होंने शासन की योजनाओं से छात्र छात्राओं को अवगत कराया और सरकार से व्यवसाय के लिए व्यवसायिक लाभ कैसे प्राप्त करे उन विषय पर जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष रिंकेश वैष्णव, जनभागीदारी सदस्य व पार्षद अजय ठाकुर, कार्यक्रम अधिकारी डॉ दीप्ति जांगड़े, डॉ कविता कन्नौजे, प्राध्यापक दीपक देवांगन, अनिल शर्मा, मुकेश कामले, राकेश चंदेल, मनसुख लाल वर्मा, नरेन्द्र कुलमित्र तथा कार्यक्रम का सफल संचालन अतिथि व्याख्याता उमेश राजपूत, विरेन्द्र शर्मा, सीमा चंद्रवशी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं सम्मिलित थें।

## रेडक्रॉस द्वारा जिले में सतत फर्स्ट एड की प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं

# आपातकाल में जीवन बचाने की सीख दे रही रेडक्रॉसः डॉ सियाराम साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कलेक्टर एवं अध्यक्ष रेडक्रॉस गोपाल वर्मा के निर्देश एवं डॉ डीके तुर्रे के मार्गदर्शन में जिले में रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण अनवरत जारी है। जिसमें अब तक हजारों लोगों को प्राथमिक चिकित्सा सहायता के विषय में जानकारी दिए जा चुका है और निरंतर प्रशिक्षण जारी है। जिले के मास्टर ट्रेनर डॉ हर्षित टुवानी, डॉ पुरुषोत्तम राजपूत, बालाराम साहू जिला समन्वयक रेडक्रॉस, जीवन कौशिक जोनल मैनेजर आपातकालीन सेवा 108 द्वारा प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रतिवर्ष सितम्बर माह के द्वितीय शनिवार को मनाया जाने वाला विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस इस वर्ष प्राथमिक चिकित्सा और जलवायु परिवर्तन पर केंद्रित है तथा आपात स्थितियों में जीवन रक्षक कौशल की भूमिका पर प्रकाश डालता है। विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस जीवन बचाने और चोटों को रोकने में प्राथमिक चिकित्सा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित एक वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय दिवस है। इसकी स्थापना इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रेडक्रॉस एंड रेड क्रीसेंट सोसाइटी की गई थी और यह हर वर्ष सितंबर के दूसरे शनिवार को मनाया जाता है। डॉ सियाराम साहू अध्यक्ष रेडक्रॉस सोसायटी ने प्रशिक्षक दल को बधाई देते हुए कहा कि जिले में अधिक से अधिक लोगों को प्राथमिक सहायता की प्रशिक्षण देकर आपातकालीन समय में जीवन जीने की कला सीखाना बेहतर प्रयास है और यह प्रयास हमारे जिले के प्रशिक्षक दल विभिन्न संगठन, महाविद्यालय, विद्यालय और अन्य स्थान पर जाकर प्राथमिक सहायता की जानकारी दे रहे हैं। बुनियादी प्राथमिक चिकित्सा कौशल जो हर किसी को पता होने चाहिए सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) हृदयाघात के दौरान महत्वपूर्ण, रक्तस्त्राव नियंत्रण, रक्त की हानि को रोकने के लिए सीधा दबाव, जलने पर देखभाल कम से कम 20 मिनट तक बहते पानी के नीचे ठंडा करें। रिकवरी पोजीशन बेहोश लेकिन सांस ले रहे व्यक्ति को सुरक्षित रखने के लिए। फ्रैक्चर सपोर्ट आगे की चोट को रोकने के लिए स्थिरीकरण, चोकिंग गले मे बाहरी चींजों का फंस जाना। ये आवश्यक कौशल आपातस्थिति में खड़े लोगों को जीवनरक्षक बना सकते है। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा, बोड़ला, चिल्फी नर्सिंग कॉलेज, 108 के कर्मचारीगण, जिले के केमिस्टजनों को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झिरौनी, बम्हनी में प्रशिक्षण की जानकारी दी गई।

### प्राथमिक चिकित्सा क्यों महत्वपूर्ण है?

प्राथमिक उपचार पेशेवर चिकित्सा सहायता पहुंचने से पहले तत्काल देखभाल प्रदान करता है जो अक्सर किसी आपातस्थिति का परिणाम निर्धारित करता है। हृद्याघात घुटन और गंभीर रक्तस्राव के मामलों में जीवन बचाता है। जलन फ्रेक्चर और एलर्जी प्रतिक्रियाओं में जटिलताओं को रोकता है। तेजी से स्वास्थ्य लाभ को बढ़ावा देता है और चोटों की गंभीरता को कम करता है। नागरिकों को बुनियादी प्राथमिक चिकित्सा कौशल से लैस करके समाज एक सुरक्षित अधिक लचीला वातावरण बना सकता है जहां लोग गंभीर परिस्थितियों में प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया करने के लिए तैयार रहते हैं। जिस पर जीवन कौशिक ने घटना के पश्चात शुरूआती 1 घंटे में गोल्डन ऑवर के समय यदि मरीज को प्राथमिक चिकित्सा मिल जाए तो जान बचाई जा सकती है।

## खबर संक्षेप



### छिरहा प्राचार्य ने डीईओ से किया शिष्टाचार भेंट

**कवर्धा।** जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने शिक्षक दिवस पर दो प्रतिष्ठित पुरस्कार पाकर जिले का नाम रोशन किया है। राज्यपाल रामेन डेका के हाथों उन्हें श्री गजानन माधव मुक्तिबोध और राज्य शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के बाद उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा, सहायक संचालक यूआर चन्द्राकर, डीजी पात्रा व एमआईएस प्रशासक सतीश यदु से शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने पर विस्तार से चर्चा किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने डॉ. चन्द्रवंशी को इन सर्वोच्च सम्मानों के लिए बधाई देकर शिक्षा के क्षेत्र में इसी तरह उत्कृष्ट कार्य जारी रखने और जिले के अन्य शिक्षकों को भी प्रेरित करने की उम्मीद जताई। यह बड़ी उपलब्धि न केवल डॉ. चन्द्रवंशी के लिए बल्कि पूरे जिले के शिक्षा जगत के लिए गर्व का विषय है।

**कार्रवाई : जिला मुख्यालय कवर्धा से करीब 90 बोरी चावल जब्त**

# पीडीएस चावल की अवैध खरीदी बिक्री का किया गया भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत मिलने वाले चावल की अवैध खरीदी-बिक्री का मामला फिर उजागर हुआ है। शनिवार को खाद्य विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर दो वाहनों से भारी मात्रा में चावल जब्त किया। इस दौरान लाखों रुपए मूल्य के चावल जब्त कर वाहन को जब्त किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खाद्य विभाग को सूचना मिली कि एक वाहन क्रमांक सीजी 04 जेओ 4776 में पीडीएस चावल का परिवहन किया जा रहा है। इस सूचना के आधार पर खाद्य विभाग की टीम ने छापेमारी कर वाहन चालक डोलेश्वर राजपूत पिता मनहरण सिंह राजपूत निवासी ग्राम घुघरीकला को दबोच लिया। जांच टीम ने वाहन की जांच के दौरान 60 बोरियों में भरा करीब 30 क्विंटल चावल जब्त किया गया है। पूछताछ के दौरान आरोपी चालक ने बताया कि चावल अम्बेडकर चौक कवर्धा के प्रिंस अनाज भंडार के प्रोप्राइटर संजय गुप्ता का है जिसे कही बेचने जा रहे थे। बरामद चावल की बाजार कीमत लगभग 1,05,000 रुपए आंकी गई। इसी प्रकार इसी दिन एक अन्य वाहन क्रमांक सीजी 09 जेओ 9804 को भी खाद्य विभाग की टीम ने पकड़ा।

जिसके वाहन चालक विजय कुमार दोहरे पिता स्व. नारायण प्रसाद उम्र 49 वर्ष, उर्जा पार्क कवर्धा निवासी से पूछताछ में 70 बोरी चावल करीब 35 क्विंटल बरामद किया गया। यह चावल भी प्रिंस अनाज भंडार, अम्बेडकर चौक कवर्धा पहुंचाया जा रहा था। जब्त चावल की कीमत लगभग 1,22,500 रुपए आंकी गई। दोनों मामलों में वाहन चालकों के लिखित बयान दर्ज किए गए। विभाग ने मौके पर पंचनामा, जप्ती नामा और सुपुर्दगी नामा तैयार किया है। खाद्य निरीक्षक खेमराम ने बताया कि यह कार्रवाई सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत की गई है।



**प्रशासन ने दिखाई सख्ती**

खाद्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि पीडीएस चावल का अवैध परिवहन व बिक्री गंभीर अपराध है। इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही आम नागरिकों से अपील की गई है कि यदि कहीं भी पीडीएस चावल की कालाबाजारी की जानकारी मिले तो प्रशासन को तुरंत सूचित करें। मौके पर खाद्य अधिकारी सचिन मरकाम, अनिल वर्मा, मदन मोहन साहू सहायक खाद्य अधिकारी उपस्थित थे।

## ग्रामीण की हत्या कर जंगल में छिपा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए हत्या के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। बताया जाता है कि आरोपी गत 8 सितम्बर को जिले के सिंघनपुरी थाना क्षेत्र में हत्या की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया था। जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी सघन खोजबीन की और उसे दबोच लिया। इस संबंध में पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार मामला 8 सितंबर 2025 का है, जब ग्राम बैगापारा भेंड्रानवागांव निवासी रामचरण बैगा आयु 47 वर्ष ने अपने ही गांव के ही शत्रुहन बैगा आयु 42 को गांव से बाहर जाने की धमकी दी और जान से मारने की नीयत से लात-घूंसों से उस पर हमला कर दिया। जिससे शत्रुहन की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची थाना सिंघनपुरी जंगल पुलिस ने घटना स्थल से मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम किया और आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसकी तलाशी शुरू की। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि आरोपी ने जानबूझकर हत्या की है। इसके आधार पर थाना सिंघनपुरी जंगल में अपराध क्रमांक 47/2025 धारा 103(1) भादंसं पंजीबद्ध किया गया। वारदात के बाद आरोपी फरार होकर केसीजी जिले के मलैदा जंगल में छिप गया था। पुलिस ने साइबर सेल की तकनीकी मदद से आरोपी का ठिकाना तलाश कर 12 सितंबर को उसे जंगल से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अरविन्द साहू, सहायक उपनिरीक्षक नबोर एक्का, प्रधान आरक्षक पेखेन्द्र जांगड़े, आरक्षक महेश कुमार डांडे, अकीब खान, मनोज शर्मा, युगल किशोर वर्मा, रामजी पटेल, विश्वनाथ मंडावी तथा साइबर सेल कबीरधाम से सहायक उप निरीक्षक चन्द्रकांत तिवारी एवं आरक्षक आकाश राजपूत की सराहनीय भूमिका रही।



## कलेक्टर व नपाध्यक्ष अध्यक्ष ने सड़क चौड़ीकरण कार्य का किया निरीक्षण

### दायरे में आने वाले अतिक्रमण को हटाने के निर्देश



- बिजली पोल शिफ्टिंग और पाइप लाइन बिछाने व कनेक्शन कार्य को एक सप्ताह में पूर्ण करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश चन्द्रवंशी के साथ आज कवर्धा में चल रहे 11 करोड़ रुपए की लागत से ठाकुर देव चौक से हाईटेक बस स्टैंड तक सड़क चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्माण कार्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं की बारीकी से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने निरीक्षण के दौरान बिजली पोल शिफ्टिंग के कार्य को प्राथमिकता से एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही पाइप लाइन बिछाने और पानी के कनेक्शन की समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान तहसीलदार ने जानकारी दी कि श्री गुप्ता ने पहले अपने अतिक्रमण हटाने के लिए सहमति दी थी और घर एवं व्यावसायिक परिसर को स्वयं तोड़ने की बात कही थी, लेकिन अब तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। उनके साथ अनेक बार प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बैठक कर अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया। लेकिन श्री गुप्ता द्वारा अभी तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया, इस पर कलेक्टर ने सख्त रुख अपनाते हुए श्री गुप्ता को नोटिस जारी कर शीघ्र अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने इस दौरान संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को तय समय सीमा में हर हाल में पूर्ण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क निर्माण कार्य पूरी तरह गुणवत्ता मानकों के अनुरूप हो। निर्माण सामग्री से लेकर लेवलिंग, ड्रेनेज और डामरीकरण तक हर स्तर पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि निर्माण कार्य की नियमित निगरानी, मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि निर्माण कार्य के दौरान नागरिकों को कम से कम असुविधा हो। निरीक्षण के दौरान पार्षद, कवर्धा एसडीएम चेतन साहू, लोक निर्माण के कार्यपालन अभियंता रंजीत घाटगे, सीएमओ रोहित साहू, तहसीलदार परमेश्वर मंडावी, विद्युत विभाग के अधिकारी, तहसीलदार, लोक निर्माण विभाग और नगर पालिका के अधिकारी उपस्थित थे।

**सड़क निर्माण कार्य से कवर्धा शहर के बुनियादी ढांचे को मिलेगी मजबूती**

सड़क के निर्माण से क्षेत्र में बढ़ते यातायात दबाव को भी नियंत्रित किया जाएगा, और यह कवर्धा शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगा। नए सड़क मार्ग से हाईटेक बस स्टैंड तक पहुंचना और भी आसान होगा, जिससे स्कूली छात्रों, व्यापारियों, यात्रियों और अन्य वर्गों को बड़ी सुविधा मिलेगी। यह सड़क कवर्धा के यातायात तंत्र का मजबूत हिस्सा बनेगी, जिससे दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों और अन्य शहरों से जडने वाले मार्ग और भी प्रभावी होंगे। बेहतर कनेक्टिविटी से व्यापारिक गतिविधियां भी तेज होंगी, स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, और समय की बचत होगी।

## स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ कवर्धा से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

महिलाओं और परिवारों के स्वास्थ्य को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ 17 सितम्बर को जिला मुख्यालय कवर्धा से होगा।

इस अभियान का उद्घाटन छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा करेंगे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने इसकी तैयारी की समीक्षा की और विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर कार्यक्रम की कमान जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के हाथों में होगी।

नेतृत्वकर्ता टीम में कलेक्टर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक और विभागीय नोडल अधिकारी प्रमुख भूमिका निभाएंगे। अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं पर केंद्रित स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करना है। इसमें उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर, टीबी और कुष्ठ जैसी बीमारियों की शुरुआती पहचान और उपचार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसव पूर्व जांच , मातृ एवं शिशु सुरक्षा कार्ड वितरण, बच्चों का टीकाकरण और किशोरी बालिकाओं के लिए पोषण एवं मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूकता सत्र आयोजित होंगे।



रक्तदान शिविर, निक्षय मित्र नामांकन और दूरस्थ इलाकों में मोबाइल मेडिकल यूनिट की सेवाएँ भी इस अभियान का अहम हिस्सा रहेंगी। जिला नोडल अधिकारी डॉ अनामिका पटेल ने बताया कि यह विशेष अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक जिले के सभी चार विकासखंडों कवर्धा, बोड़ला, पंडरिया और सहसपुर लोहारा में चलाया जाएगा।

जिला मुख्यालय कवर्धा में उद्घाटन दिवस पर विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर, महिला स्वास्थ्य रैली और रक्तदान शिविर जैसे कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। विकासखंड स्तर पर कैंसर स्क्रीनिंग, एएनसी जांच, किशोरी स्वास्थ्य सत्र, पोषण काउंसलिंग और इम्युनाइजेशन ड्राइव आयोजित किए जाएंगे। सभी पीएचसी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर मिनी हेल्थ कैंप की भागीदारी से जागरूकता गतिविधियां संचालित होंगी।

## युकां ने वाइट टी-शर्ट मूवमेंट प्रोग्राम के तहत चलाया साफ-सफाई अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भारतीय युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा द्वारा वाइट टी-शर्ट मूवमेंट के तहत ग्राम पंचायत घुघरीखुर्द गांव शासकीय प्राथमिक शाला, आंगनबाड़ी परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। यह अभियान हमारे जनप्रिय नेता राहुल गांधी के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने और समाज में एकता, सद्भाव और सेवा की भावना को सशक्त करने के लिए चलाया जा रहा है। इस अवसर पर संविधान का सामूहिक पाठ स्कूल परिसर में किया गया, गांव में भ्रमण कर स्कूल, चौक चौराहा, आंगनबाड़ी केंद्र में स्वच्छता के साथ ग्रामीणजनों को स्वच्छता और समानता का महत्व समझाया, साथ ही जन गण मन गायन के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुई। इस वाइट टी-शर्ट मूवमेंट का आयोजन भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के आवाह्न पर युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा के नेतृत्व में किया गया। युवा कांग्रेस कवर्धा समन्वयक अश्विनी वर्मा एवं युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा ने कहा कि वाइट टी-शर्ट महज एक कपड़े का टुकड़ा नहीं, बल्कि करुणा, एकता, अहिंसा, बराबरी और सर्वोदय के पाँच मार्गदर्शक सिद्धांतों का प्रतीक है। आज के समय में आय, जाति और धर्म के आधार पर बढ़ती असमानता के खिलाफ विचारधारा से ऊपर उठकर काम करने की जरूरत है। धर्म का अर्थ निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करना है, जबकि कर्म का अर्थ अधिकारों की रक्षा और न्याय के लिए संघर्ष करना है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**श्री विश्वकर्मा जयंती पर कार्यक्रम 17 सितम्बर को**

**कवर्धा।** कलाकुंज कारपेन्टर संघ एवं श्री विश्वकर्मा पूजन समिति कवर्धा द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर 17 सितम्बर को प्रतिमा स्थापना, पूजन, भण्डारा का आयोजन किया जाएगा। वहीं 18 सितम्बर को स्टार नाईट सुनील सोनी द्वारा लोहारा रोड सुमीत बाजार के सामने कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। प्रतिमा विसर्जन का कार्यक्रम 19 सितम्बर को किया जाएगा।

## कैट पदाधिकारियों ने हरीतिमा टीम संग किया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा में पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार सक्रिय हरीतिमा टीम के पौधारोपण अभियान में शनिवार को कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के पदाधिकारी भी शामिल हुए। इस अवसर पर पीजी कॉलेज ग्राउंड में 10 कदम के पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में उपस्थित कैट प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष आकाश आहूजा ने कहा हरीतिमा टीम का पौधारोपण अभियान अनुकरणीय है। इससे जुड़ना पूरे कैट परिवार के लिए गर्व की बात है। हम प्रतिवर्ष इस कार्य हेतु आर्थिक सहयोग भी करेंगे। जिलाध्यक्ष दीप शर्मा ने कहा उम्र चाहे कोई भी हो, प्रतिदिन प्रकृति सेवा के लिए समय निकालना केवल सच्चे प्रकृति-प्रेमियों का कार्य है। टीम के संस्थापक अजय लूनिया ने विगत सात वर्षों से प्रतिदिन चल रहे पौधा रोपण कार्यों की जानकारी दी और बताया कि यह निरंतरता अपने आप में एक मिसाल है। साथ ही उन्होंने आगामी कार्ययोजना पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर आकाश आहूजा, दीप शर्मा, विकास केशवानी, नरेंद्र बग्गा, ज्ञानी गुप्ता, अविनाश तिवारी, कंवलजीत खुराना सहित हरीतिमा टीम के अनेक सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन महेश सिंह ठाकुर ने किया तथा आभार प्रदर्शन राजकुमार वर्मा ने किया।

**कलेक्टर ने कवर्धा के कृषि केन्द्र, दुकानों का किया औचक निरीक्षण**

## किसानों को निर्धारित मूल्य पर खाद विक्रय करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने खाद की उपलब्धता और नियमितता के लिए आज कवर्धा शहर के खाद-बीज विक्रय केन्द्रों और दुकानों का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान महावीर बीज भंडार की दुकान में उर्वरकों की उपलब्धता, मूल्य सूची और वितरण व्यवस्था की बारीकी से जांच की।



उन्होंने महावीर बीज भंडार में खाद लेने आए किसानों से सीधे चर्चा कर विक्रय की स्थिति जानी और सही मूल्य पर उपलब्धता की पुष्टि की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने किसानों को आश्वस्त किया कि यूरिया का रैक अगले सप्ताह सभी सहकारी समितियों तक पहुंच जाएगा। किसान अपनी समितियों के माध्यम से आसानी से यूरिया प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही, उन्होंने खरीफ फसल की वर्तमान उत्पादन स्थिति की जानकारी भी किसानों से ली। कलेक्टर श्री वर्मा ने दुकान में डीएपी, यूरिया, पोटाश, एनपीके, एसएसपी सहित अन्य रासायनिक उर्वरकों उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने मूल्य सूची का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि सभी विक्रेताओं को स्पष्ट और अद्यतन मूल्य सूची दुकान में अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करनी चाहिए ताकि किसानों को भ्रम की स्थिति न हो।

उन्होंने विक्रेताओं को से कहा कि किसानों को निर्धारित दरों पर ही खाद उपलब्ध कराई जाए, और किसी भी प्रकार की जमाखोरी या अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने स्टॉक रजिस्टर का मिलान किया और वहां उपस्थित स्टाफ से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने खाद लेने आए किसानों से सीधे संवाद कर मूल्य, उपलब्धता और वितरण प्रणाली के संबंध में उनकी राय ली और संतुष्टि सुनिश्चित की। इस दौरान एसडीएम चेतन साहू, तहसीलदार परमेश्वर मंडावी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




